कोटद्वार, रविवार
28 जुलाई 2024
वर्षः 46
अंकः 94 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### जम्मू–कश्मीर के कुपवाड़ा में सेना और आतंकियों के बीच भीषण मुठभेड़, मेजर समेत 4 जवान जख्मी, 1 शहीद

कुपवाड़ा , जम्मू–कश्मीर के कुपवाड़ा में आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ चल रही है। बताया जा रहा है कि इलाके में कई आतंकी छिपे हैं। जवानों ने मुठभेड़ में एक आतंकी को मार गिरया है। अब रक्षा अधिकारियों ने जानकारी दी है कि मुठभेड़ में चार जवान घायल हुए हैं, जिनमें एक मेजर रैंक के अधिकारी भी हैं। एक जवान शहीद हो गया है।

मुठभेड़ पर भारतीय सेना की तरफ से बयान भी आया है। सेना ने बताया कि उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में माछिल सेक्टर स्थित कामकारी में फॉर्वर्ड पोस्ट पर अज्ञात कर्मियों के साथ गोलीबारी हुई। सेना के मुताबिक, इस गोलीबारी में एक पाकिस्तानी मारा गया है, जबकि घायल जवानों को मौके से सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया। सुरक्षा बलों को कुपवाड़ा में आतंकियों के छिपे होने की पहले ही जानकारी मिली थी। यहां पिछले कई दिनों से सेना एंटी टेरर ऑपरेशन चला रही है। कहा जा रहा है कि यह पाकिस्तान की तरफ से किया गया एक क्र्ञ अटैक है। मसलन, क्र्ञ का मतलब होता है बॉर्डर एक्शन टीम, जिसमें पाकिस्तानी सेना के कमांडो और आतंकी शामिल होते हैं। ये लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (रुशष्ट) पर घुसपैठ करते हैं।

### ऋषिकेश में चेतावनी रेखा से नीचे पहुंची गंगा

ऋषिकेश। टिहरी और श्रीनगर बांध के पानी से उफान पर आई गंगा शनिवार को शांत दिखीं। चेतावनी स्तर से गंगा 60 सेंटीमीटर नीचे होकर बही, जिससे प्रशासन और पुलिस ने राहत की सांस ली। केंद्रीय जल आयोग के अवर अभियंता के मुताबिक गंगा का चेतावनी स्तर 339.50 मीटर है। जबकि, खतरे का लेवल 340.50 मीटर है। शनिवार को गंगा का ऋषिकेश में स्तर 338.90 मीटर रहा है। शुक्रवार रात से गंगा में पानी घटना शुरू हो गया था। बताया कि गंगा के जलस्तर को लेकर हर घंटे की अपडेट प्रशासन को दी जा रही है। एसडीएम कुमकुम जोशी ने बताया कि भले गंगा का जलस्तर चेतावनी रेखा से नीचे आ गया है, लेकिन प्रशासन, पुलिस व राहत–बचाव से संबंधित अन्य एजेंसियां अभी भी अलर्ट हैं। उन्हें हर वक्त किसी भी चुनौती से निपटने को तैयार रहने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। बरसात के चलते गंगा और सहायक नदियों के साथ ही बरसाती नदियों के आसपास बसे लोगों को भी सतर्क रहने के लिए लगातार अपील की जा रही है।

### खदरी में प्रशासन का बुलडोजर चला

ऋषिकेश। खदरी खड़कमाफ में ग्राम पंचायत की भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ शनिवार को प्रशासन का बुलडोजर चला। इस दौरान प्रशासन की टीम ने एक पक्के निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया, जबकि अन्य स्थानों से भी अस्थायी अतिक्रमण को हटाया।शनिवार को नायब तहसीलदार राजेंद्र सिंह रावत टीम के साथ खदरी पहुंचे। बताया कि ललित विहार क्षेत्र में कई अरसे से पंचायत की भूमि पर स्थायी अतिक्रमण को जेसीबी से हटाया। इस भूमि पर आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण प्रस्तावित है। राजकीय पॉलटेक्निक कॉलेज के पास प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत बोक्सा जनजाति के परिवारों आवास के लिए आवंटित भूमि को भी कब्जामुक्त किया। लक्कड़घाट में पुलिया पर भी जेसीबी चली, लेकिन इसीबीच कुछ लोग पुलिया के वैध होने संबंधित दस्तावेज होने का दावा करने लगे, जिसपर दो दिन में दस्तावेज प्रस्तुत करने का अल्टीमेटम देते हुए नायब तहसीलदार ने कार्रवाई को रोक दिया।

### भारत ने बढ़ाई चीन की टेंशन

नई दिल्ली ,लद्दाख में दुनिया की सबसे ऊंची सुरंग का काम शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश और केंद्र–शासित प्रदेश लद्दाख के बीच हर मौसम में कनेक्टिविटी सुविधा प्रदान करने वाली सुरंग के निर्माण के लिए ह्यपहला विस्फोटह्व किया। निर्माण पूरा होने के बाद यह दुनिया की सबसे ऊंची सुरंग होगी।

## नदियों में उफान से हरिद्वार–ऋषिकेश में अलर्ट

# बदरी-केदारनाथ हाईवे बंद,यात्री फंसे

देहरादून। गुरुवार देर रात से पहाड़ों पर रुक–रुक कर हो रही बारिश से नदी–नाले उफान पर हैं। हरिद्वार और ऋषिकेश में गंगा नदी का जल स्तर खतरे के निशान के करीब है। भारी बारिश के अलर्ट के बीच शनिवार को भी देहरादून, पिथौरागढ़ व बागेश्वर में स्कूल बंद किए गए हैं। वहीं चमोली जिले में दो वाहन पहाड़ी से गिरे मलबे में दब गए हैं। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। देहरादून और बागेश्वर जिले के कुछ इलाकों में शनिवार को तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पौड़ी, नैनीताल और पिथौरागढ़ जिले में कहीं–कहीं कई दौर की तेज बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

**बदरीनाथ—केदारनाथ हाईवे बंद, सैकड़ों यात्री फंसे**

चमोली में रात्रि से हो रही बारिश शनिवार सुबह थम गई। बदरीनाथ हाईवे गुलबकोटी में बंद पड़ा है। मार्ग खोलने का काम जारी है। जोशीमठ–नीति–मलारी हाईवे तमक नाला के पास मलबा आने के



कारण यातायात हेतु अवरुद्ध हो गया है।

**गौरीकुंड हाईवे सोनप्रयाग में अवरुद्ध, बड़ी संख्या में यात्रियों को रोका**

रुद्रप्रयाग। सोनप्रयाग से गौरीकुंड की ओर लगभग एक किलोमीटर आगे सटल सेवा पुल के समीप हाईवे अवरुद्ध हो गया है, जिससे केदारनाथ जाने वाले यात्री बड़ी संख्या में रुके हुए हैं। सोनप्रयाग में 1000 से अधिक यात्री रुके हैं, जबकि गौरीकुंड की तरफ भी यात्री सुरक्षित स्थानों पर रोक गए हैं।

**गंगोत्री में भागीरथी उफान पर**

उत्तरकाशी। गंगोत्री में भागीरथी का जलस्तर बढ़ गया है। गंगोत्री में भागीरथी नदी का उफान घाटों के ऊपर तक पहुंच रहा है। गंगोत्री में आरती स्थल भागीरथ शिला से तक भागीरथी का जलस्तर पहुंच रहा है। तीर्थ पुरोहितों दान पत्र और अन्य सामान हटा दिया है। बता दें कि शुक्रवार को यमुनोत्री धाम में यमुना नदी उफान पर आ गई थी और तबाही ला दी थी।

**मसूरी बैंड के समीप दिल्ली यमुनोत्री एनएच बंद**

मसूरी चकराता एनएच 707ए कैम्पटी फाल से आगे सैंजी ढांग में तथा जीवन आश्रम के समीप पूरी रात बंद रहा। शनिवार सुबह जेसीबी ने मलबा हटाकर मार्ग खुलवाया। एनएच 507, दिल्ली यमुनोत्री एनएच मसूरी बैंड के समीप अभी भी बंद है, दो जेसीबी मलबा हटाने में लगी हैं। मसूरी देहरादून मुख्य मार्ग खुला है।

## खाई में गिरी कार, चालक की मौत

चमोली : बदरीनाथ हाइवे पर शनिवार को बिरही चाढ़ा के समीप एक कार दुर्घटना ग्रस्त हो गई। जिसमें कार में सवार अनूप की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि एसडीआरएफ की सहायता से घटनास्थल से 100 मीटर नीचे खाई में अलकनंदा के किनारे से रेस्क्यू कर शव को निकाला गया है। चमोली पुलिस ने बताया शनिवार को एक कार बद्रीनाथ से चमोली की तरफ आ रही थी। बिरही चाढ़ा में के समीप अनियंत्रित होकर खाई में लटक गई। जिसका आधा हिस्सा खाई और आधा हिस्सा सड़क की तरफ था। अचानक दरवाजा खुलने से चालक अनूप खाई में नीचे गिरे। उसकी पत्नी तृप्ति गाड़ी में ही थी। खाई में गिरे कार चालक अनूप की तलाश के लिए एसडीआरएफ पुलिस ने रेस्क्यू अभियान चला कर खाई से शव को बाहर निकाला। उधर, जिला मुख्यालय में महाविद्यालय के समीप भूस्खलन से मलबे की चपेट मे आकर दो कारें क्षतिग्रस्त हो गई। शनिवार को बदरीनाथ हाइवे कंचननाला में बोल्डर आने बाधित हुआ।

# नव निर्वाचित विधायकों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ



**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : शनिवार को विधानसभा भवन देहरादून में मंगलौर विधानसभा और बद्रीनाथ विधानसभा के उपचुनाव में नवनिर्वाचित विधायक काजी निजामुद्दीन और लखपत सिंह बुटोला ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। यह शपथ विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने विधानसभा भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में दिलाई। नवनिर्वाचित विधायकों ने शपथ ग्रहण करने के बाद सभी गणमान्य व्यक्तियों का धन्यवाद किया और अपनी जिम्मेदारियों को ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाने का संकल्प लिया। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने दोनों विधायकों को बधाई दी और उन्हें आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नवनिर्वाचित विधायक अपने निर्वाचन क्षेत्रों के विकास और राज्य के हित में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, प्रीतम सिंह और कांग्रेस के अन्य विधायक उपस्थित रहे।

# प्रभावितों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करें : धामी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टिहरी गढ़वाल के भिलंगना विकासखंड के बाल गंगा एवं बूढ़ा केदार में हुई भारी बारिश और भूस्खलन से हुई क्षति पर गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडे एवं जिला अधिकारी टिहरी गढ़वाल मयूर दीक्षित को राहत एवं बचाव कार्य प्रभावी तरीके से चलाए जाने के निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री ने घटना के प्रति दुःख व्यक्त करते हुए टिहरी के प्रभारी मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल को घटना स्थल पर जाकर राहत एवं बचाव कार्य की समीक्षा करने को कहा है।

मुख्यमंत्री ने टिहरी जिला प्रशासन को प्रभावित क्षेत्र के संवेदनशील गाँवों को तत्काल चिन्हित कर प्रभावितों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने के निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिये कि स्थानीय निवासियों के साथ ही मवेशियों एवं अन्य पालतू पशुओं को भी सुरक्षित स्थानों पर रखे जाने की व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि राहत कैंप में बिजली, पेयजल इत्यादि की व्यवस्था प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाए तथा पीड़ितों को अनुमन्य राहत राशि भी तुरंत



प्रदान की जाए। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि जनपद टिहरी गढ़वाल के भिलंगना विकास खण्ड के बालगंगा क्षेत्र में रात को भारी बारिश और भूस्खलन से तोली गांव में एक मकान में मलवे से दो महिलाएं दबने की सूचना प्राप्त हुई थी। एसडीआरएफ, पुलिस, राजस्व, स्वास्थ्य विभाग की टीमें तत्काल मौके के लिए रवाना हुई तथा खोज एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। मकान के उपर सीसी मार्ग का मलवा आने से क्षतिग्रस्त हुआ। एक अति संवेदनशील श्रीमती पूर्णिमा देवी के घर के समान को शिफ्ट किया गया है।

उन्होंने बताया कि रेस्क्यू टीम ने मलवे से सरिता देवी पत्नी वीरेंद्र सिंह तथा अंकिता पुत्री वीरेंद्र सिंह के शवों को निकाला गया है, जबकि एक घायल वीरेंद्र सिंह को प्राथमिक उपचार के बाद पीएचसी बेलेश्वर में भर्ती किया गया है। मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख के राहत राशि के चेक दिये गये है तथा आवास क्षति का 01 लाख 35 हजार रुपए का चेक तत्काल उपलब्ध कराया गया। इसके साथ 2 पशु हानि की जांचोपरांत मुआवजा राहत राशि के चेक वितरित किए गए। इसके अतरिक्त थाती बुढ़ाकेदार नाथ में पूल के पास एक घर बहा है। धाम के गेट के नीचे बाजार में नदी के जलस्तर से खोखली हो रही सड़क के पास स्थित घर और दुकानों को खाली कराया जा चुका है।

## सरकारी कर्मचारी की करंट लगने से मौत

ऋषिकेश। डीजीबीआर चौक स्थित जल निगम की निर्माण एवं अनुरक्षण इकाई गंगा कार्यालय में शनिवार सुबह संदिग्ध हालात में एक कर्मचारी की मौत हो गई। उसका शव कूलर के पास पड़ा मिला। ऐसे में आशंका जताई गई है कि करंट लगने से उसकी मौत हुई है। प्रथम दृष्टया पुलिस ने भी करंट लगने से मौत होने की बात कही है जबकि विभागीय अधिकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट होने की बात कह रहे हैं। पुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए एम्स भेजा गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी।

वहीं, मृतक कर्मचारी के परिजनों ने विभागीय अधिकारियों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। हालांकि अधिकारियों ने लापरवाही के आरोप को सिरे से खारिज कर दिया है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक मुनिकीरेती स्थित खारास्रोत निवासी 31 वर्षीय विपिन ऋषिकेश में डीजीबीआर चौक के पास जल निगम की निर्माण एवं अनुरक्षण इकाई गंगा कार्यालय में तैनात था। रोजाना की तरह वह शनिवार की सुबह कार्यालय में कामकाज में जुटा था। इसी बीच उसकी मौत हो गई।

## सिस्टम की लापरवाही:

# बंद सड़क ने ली नवजात की जान

विकासनगर। बदहाल स्वास्थ्य सेवाएं और खराब सड़कें जौनसार–बावर क्षेत्र के लोगों पर भारी पड़ रही हैं। सिस्टम की इसी लापरवाही के चलते शनिवार को साहिया में एक नवजात की जान चली गई। अस्पताल में बच्चे की तबीयत खराब होने पर नर्स ने बच्चे को विकासनगर में बाल रोग विशेषज्ञ को दिखाने का सुझाव दिया। लेकिन विकासनगर का मार्ग जजरेट में बंद होने के कारण परिजन बच्चे को विकासनगर नहीं पहुंचा सके। इससे बच्चे ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। कालसी ब्लॉक के रिखाड़ गांव निवासी अमित की पत्नी आशा देवी ने शुक्रवार सुबह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साहिया में नवजात शिशु को जन्म दिया। डिलीवरी नॉर्मल हुई थी। जच्चा–बच्चा दोनों स्वस्थ थे। शनिवार सुबह बच्चे के पिता को बच्चे का स्वास्थ्य ठीक नहीं लगा। बच्चा दूध नहीं पी रहा था और बुखार भी था। रूटीन चेकिंग के दौरान स्टाफ नर्स ने बच्चे को देखा तो बच्चे को बुखार था। स्टाफ नर्स ने बताया कि बच्चे को बुखार है। अस्पताल में कोई बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं है।



इसलिए नर्स ने उन्हें विकासनगर किसी बाल विशेषज्ञ को दिखाने का सुझाव दिया। इसके बाद अमित चौहान और उनकी पत्नी बच्चे को लेकर विकासनगर के लिए निकल गए। लेकिन शनिवार सुबह भारी बारिश के चलते जजरेट के पास भारी मलबा आने से मार्ग बंद था। इससे वह बीच में ही फंस गए। सहिया से विकासनगर जा रहे सतपाल चौहान, सुनील सिंह बिष्ट ने जजरेट के पास महिला को रोते हुए देखा तो उन्होंने दोनों पति–पत्नी और शिशु को अपनी कार में बैठा कर वापस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहिया पहुंचाया। स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर विक्रम सिंह ने शिशु की जांच की तो उसकी मृत्यु हो चुकी थी।

## नीति आयोग की बैठक छोड़कर बाहर निकली ममता बनर्जी

# बोली-मुझे बोलने नहीं दिया गया,मेरा माइक बंद किया गया

नई दिल्ली ,। पीएम मोदी की अध्यक्षता में हो रही नीति आयोग की बैठक छोड़कर ममता बनर्जी बाहर निकल गई है। दिल्ली में नीति आयोग की बैठक पर पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा, मैंने कहा कि आपको (केंद्र सरकार) राज्य सरकारों के साथ भेदभाव नहीं करना चाहिए। मैं बोलना चाहती थी लेकिन मुझे सिर्फ 5 मिनट ही बोलने की इजाजत मिली। मुझसे पहले जिन लोगों ने बोला वह 10–20 मिनट तक बोले। विपक्ष की तरफ से मैं अकेली इस बैठक में हिस्सा ली। लेकिन फिर भी मुझे बोलने की अनुमति नहीं दी गई। यह अपमानजनक है।ममता बनर्जी ने कहा मैं बोल रही थी, मेरा माइक बंद हो गया। मैंने कहा आपने मुझे क्यों रोका, आप भेदभाव क्यों कर रहे हैं. मैं बैठक में भाग ले रहा हूं,



आपको खुश होना चाहिए बजाय इसके कि आप अपनी पार्टी, अपनी सरकार को अधिक गुंजाइश दे रहे हैं। विपक्ष की ओर से केवल मैं ही हूं और आप मुझे बोलने से रोक रहे हैं...यह न केवल बंगाल का बल्कि सभी क्षेत्रीय दलों का भी अपमान है।

आम बजट में राज्यों को हुए धन आवंटन में भेदभाव का आरोप लगाते हुए तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्रियों ने नीति आयोग की का बहिष्कार किया है।

**पूर्वोत्तर के सभी आठ राज्यों के मुख्यमंत्री बैठक में शामिल**

पूर्वोत्तर के सभी आठ राज्यों के मुख्यमंत्री शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी में नीति आयोग के शासी परिषद की नौवीं बैठक में भाग लिया है। मुख्यमंत्रियों में हिमंत बिस्वा सरमा (असम), लालदुहोमा (मिजोरम), कोनराड संगमा (मेघालय), नेफ्यू रियो (नागालैंड), एन. बीरेन सिंह (मणिपुर), पेमा खांडू (अरुणाचल प्रदेश), माणिक साहा (त्रिपुरा) और प्रेम सिंह तमांग (सिक्किम) शामिल हैं।

## नवी मुंबई में बड़ा हादसा: तीन मंजिला इमारत ढही

मुंबई ,महाराष्ट्र के मुंबई में तीन मंजिला इमारत ढह गई। नवी मुंबई के शाहबाज गांव में बनी ग्राउंड प्लस स्थित तीन मंजिला इमारत अचानक ढह गई। इमारत के मलबे में कई लोगों के दबे होने की आशंका है। पुलिस अधिकारी ने जानकारी दी कि इमारत में 24 परिवार रह रहे थे। पुलिस, दमकल विभाग, एनडीआरएफ के कर्मचारी मौके पर मौजूद हैं। कर्मचारियों द्वारा मलबे को हटाने की कोशिश जारी है। नवी मुंबई नगर निगम आयुक्त कैलाश शिंदे ने बताया, इमारत सुबह 5 बजे के आसपास ढह गई। यह एक त्र+3 इमारत है। दो लोगों को बचा लिया गया है और दो के फंसे होने की संभावना है। ह्रष्ठक्रस्न की टीम यहाँ है, बचाव अभियान जारी है। नवी मुंबई के डिप्टी फायर ऑफिसर पुरुषोत्तम जाधव ने कहा, हमें सुबह 4.50 बजे एक इमारत गिरने की सूचना मिली। 2 लोगों को बचा लिया गया है। जिन दो लोगों को मलबे से बाहर निकाला गया है उनका नाम सैफ अली और रुसवा खातून है।

## नीति आयोग में बोले सीएम योगी:

# सात वर्षों में यूपी में दोगुनी हुई प्रति व्यक्ति आय, प्रदेश में अब कानून का राज

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की 9वीं बैठक में कहा कि सात वर्षों में यूपी में प्रति व्यक्ति आय दोगुनी हो गई है। नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित इस बैठक में मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश की गौरवशाली उपलब्धियों को रखा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर, समृद्ध, सक्षम, समर्थ, समावेशी और तकनीकी रूप से उन्नत भारत के दृष्टिकोण को दिखाता है। प्रधानमंत्री के इस विजन को साकार करना ही हमारा मिशन है। उत्तर प्रदेश भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में स्थापित होने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सात वर्ष पहले यह प्रदेश एक बीमारू राज्य और देश के विकास का बैरियर माना जाता था। आज यह



अनलिमिटेड पोटेंशियल (असीमित संभावनाओं) वाले राज्य के रूप में स्थापित हुआ है।

**10 सेक्टरों में नियोजित विकास**

मुख्यमंत्री ने कहा कि मजबूत कानून–व्यवस्था, कारोबारी सुगमता, निवेश अनुकूल नीतियों और सुशासन के कारण उत्तर प्रदेश आज देश में निवेश के ड्रीम डेस्टिनेशन (अनुकूल स्थान) के तौर पर उभरा है। उन्होंने एमएसएमई, महिला सुरक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, पीएम गति शक्ति, स्वास्थ्य एवं पोषण पर चरणवार यूपी की उपलब्धियां गिनाईं। सीएम योगी ने कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था को 10 खरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए सभी विभागों को 10 सेक्टरों में वर्गीकृत करते हुए नियोजित प्रयास किये जा रहे हैं।

**यूपी की 351 बेस्ट प्रैक्टिस नीति आयोग के पोर्टल पर**

मुख्यमंत्री ने कहा कि एसडीजी इंडिया इंडेक्स 2023–24 की रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश फ्रंट रनर कैटेगरी में शामिल हो गया है।

# पीएम मोदी ने फोर्स के अटूट समर्पण को सराहा

नई दिल्ली ,केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स, सीआरपीएफ के 86वें स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुरक्षाबलों को बधाई देते हुए देश की सुरक्षा में सीआरपीएफ की भूमिका को सर्वोपरि बताया।उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर किए अपने पोस्ट में कहा, सीआरपीएफ के स्थापना दिवस के अवसर पर सभी को मेरी शुभकामनाएं। राष्ट्र के प्रति उनका अटूट समर्पण और उनकी अथक सेवा वास्तव में सराहनीय है।

वे हमेशा साहस और प्रतिबद्धता के उच्चतम मानकों के पक्षधर रहे हैं। हमारे देश को सुरक्षित रखने में भी उनकी भूमिका सर्वोपरि है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी सीआरपीएफ के स्थापना दिवस पर



सुरक्षा बलों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं दीं। बता दें, सीआरपीएफ की स्थापना आजादी से पहले 1939 में अंग्रेजों ने की थी. तब इस बल का नाम क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस था। आजादी के बाद 28 दिसंबर, 1949 को संसद में एक अधिनियम लाकर इस बल का नाम केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल कर दिया गया।

आजादी के बाद देशी रियासतों को भारत सरकार के अधीन लाने की जिम्मेदारी भी सीआरपीएफ को दी गई। सीआरपीएफ ने वीरता दिखाते हुए जूनागढ़, हैदराबाद, काठियावाड़ और कश्मीर जैसी रियासतों को भारत में शामिल कराने में बहुत बड़ी भूमिका निभाई। इन रियासतों ने भारत में शामिल होने से इनकार कर दिया था। इसके साथ ही राजस्थान, कच्छ और सिंध सीमाओं में घुसपैठ की जांच में सीआरपीएफ ने बहुत बड़ी भूमिका निभाई। सीआरपीएफ ने 21 अक्टूबर 1959 को चीन के हमले को नाकाम करते हुए देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। इस बलिदान की याद में हर साल 21 अक्टूबर को स्मृति दिवस मनाया जाता है। इस बल ने 1962 में चीनी आक्रमण के दौरान अरुणाचल प्रदेश में भारतीय सेना को महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की।

## विजय माल्या पर सेबी का बड़ा एक्शन, 3 सालों तक शेयर बाजार में डील करने पर लगा बैन

नई दिल्ली , शेयर बाजार के रेग्यूलेटर सिक्योरिटीज एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया ने विजया माल्या के भारतीय सिक्योरिटीज मार्केट में लेन–देन करने पर तीन सालों के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। सेबी ने कहा है, विजय माल्या के सिक्योरिटीज मार्केट को एक्सेस करने पर रोक लगाई जाती है साथ ही प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर सिक्योरिटीज के खरीदने, बेचने या किसी भी प्रकार की डीलिंग करने या सिक्योरिटीज मार्केट के साथ किसी भी प्रकार से जुड़ने पर अगले तीन सालों तक के लिए प्रतिबंध लगाया जाता है। सेबी ने जारी अपने आदेश में कहा, विजय माल्या किसी भी हैसियत में लिस्टेड कंपनी या कोई भी प्रस्तावित लिस्टेड कंपनी के साथ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर आदेश के जारी होने की तारीख से लेकर अगले तीन सालों तक नहीं जुड़े रहेंगे।

# ममता कुलकर्णी को बॉम्बे हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली

मुंबई ,बॉम्बे हाईकोर्ट ने बॉलीवुड स्टार ममता कुलकर्णी के खिलाफ 2,000 करोड़ रुपये के ड्रग तस्करी मामले को खारिज कर दिया है। अभिनेत्री पर अपने पति विक्की गोस्वामी के साथ ड्रग्स तस्करी का आरोप था। कोर्ट ने कहा कि ममता के खिलाफ पर्याप्त सबूत नहीं हैं..इसलिए केस बंद किया जाता है। जस्टिस भारती डांगरे और जस्टिस मंजूषा देशमुख की बेंच ने कुलकर्णी के खिलाफ ड्रग केस को खारिज कर दिया है।अभिनेत्री ने अपने पति के साथ केन्या में बसने से पहले लगभग 50 हिंदी फिल्मों में काम किया है। अभिनेत्री का पति विक्की गोस्वामी एक ड्रग माफिया है, जो नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट, 1985 के तहत नियंत्रित पदार्थ इफेड्रिन के निर्माण और खरीद के



पीछे है। उसे कथित मास्टरमाइंड के रूप में फंसाया गया है। इस मामले में अभिनेत्री के वकील ने साल 2018 में हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। अभिनेत्री ने अपनी याचिका में कहा था कि उनके खिलाफ लगाए गए सभी आरोप बेबुनियाद हैं।

# रक्षा क्षेत्र में तकनीकी विकास जारी रखना चाहिए

**डॉ अमित**

रक्षा बजट में सरकार का मुख्य फोकस घरेलू मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने पर है ताकि आयात पर निर्भरता कम हो। वित्त वर्ष 2023–24 में रक्षा उत्पादन लगभग 1। 27 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। उल्लेखनीय है कि भारत सबसे बड़े रक्षा आयातक देशों में है, पर मोदी सरकार के आने के बाद से घरेलू उत्पादन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। तीन साल में घरेलू बाजार से खरीदी जाने वाली चीजों की सूची में 12। 3 हजार से अधिक चीजें शामिल हो चुकी हैं। हाल में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने घोषणा की है कि सैन्य वस्तुओं के निर्यात को मौजूदा 21,083 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2028–29 तक 50 हजार रुपये करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

अगले पाच–छह वर्षों में भारतीय सशस्त्र सेनाएं खरीद पर 130 अरब डॉलर का खर्च कर सकती हैं। इस वित्त वर्ष के लिए बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए 6। 21 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। उल्लेखनीय है कि कई वर्षों से बजट में सर्वाधिक आवंटन इसी क्षेत्र को होता आया है। यह बजटीय खर्च का लगभग 13 प्रतिशत है, पर जीडीपी के दो प्रतिशत हिस्से से भी कम है। यह आवंटन बीते वित्त वर्ष से 4। 72 प्रतिशत अधिक है। इसमें से 27। 67 प्रतिशत खरीद, 14। 82 प्रतिशत रखरखाव एवं तैयारियों, 30। 68 प्रतिशत वेतन–भत्ते, 22। 72 प्रतिशत पेंशन तथा 4। 11 प्रतिशत रक्षा मंत्रालय के अधीन सिविल संस्थानों के लिए आवंटित किये गये हैं।

वैश्विक भू–राजनीतिक तनावों एवं संघर्षों को देखते हुए भारत को भी समुचित तैयारी की आवश्यकता है। वास्तविक नियंत्रण रेखा और हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की गतिविधियां भारत के लिए गंभीर रक्षा चुनौती हैं। नियंत्रण रेखा की चुनौतियां हैं ही। ऐसा दिखता है कि रक्षा बजट में इन चुनौतियों का संज्ञान लिया गया है, पर अधिक आवंटन की आवश्यकता बनी हुई है। अर्थव्यवस्था की गति में कमी आने के बावजूद चीन ने 2015 से अपने रक्षा खर्च को दुगुना कर दिया है।

चीन ने 2024–25 में रक्षा क्षेत्र के लिए 231। 36 अरब डॉलर आवंटित किया है। मोदी सरकार ने अपने बजट में लगभग 75 अरब डॉलर का आवंटन किया है, जो चीन की चुनौतियों को देखते हुए पर्याप्त नहीं है। पहले कार्यकाल में मोदी सरकार ने रक्षा क्षेत्र में 18–19 तथा दूसरे कार्यकाल में 13–14 प्रतिशत खर्च किया था। रक्षा क्षेत्र की अपेक्षा है कि केंद्र सरकार के कुल खर्च का कम–से–कम 25 प्रतिशत रक्षा के मद में, विशेषकर आधुनिकीकरण एवं रखरखाव में, खर्च होना चाहिए। आम तौर पर रक्षा बजट का बड़ा हिस्सा (50 प्रतिशत से अधिक) वेतन, भत्ते और पेंशन में खर्च हो जाता है।

यह गलत समझ है कि अग्निवीर योजना लागू करने का बड़ा कारण पेंशन का बोझ कम करना है। रक्षा अर्थशास्त्रियों ने रेखांकित किया है कि इस योजना से पेंशन के मद में लगभग 1,054 करोड़ रुपये की ही बचत होगी। यदि सरकार वेतन, भत्ते एवं पेंशन को ठोस रक्षा बजट से अलग कर देती है तो इस क्षेत्र का बहुत विकास होगा। इस मद को केंद्र सरकार के अन्य कर्मियों के वेतन, भत्ते एवं पेंशन के साथ जोड़ देना चाहिए।

अग्निवीर योजना की भारी आलोचना के कारण सरकार सेना के प्रस्तावों को मानते हुए इस नीति में बदलाव कर सकती है। चुनावी विश्लेषकों का आकलन है कि इस योजना से नाराजगी का असर परिणामों पर पड़ा है। इसलिए, इसकी बड़ी संभावना है कि सरकार समीक्षा समिति की सिफारिशों को मानकर योजना में बदलाव करेगी। कुछ भाजपा शासित राज्यों में अग्निवीरों के लिए कुछ श्रेणियों में 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है।

सरकार को रक्षा क्षेत्र से जुड़े अपने दो उद्देश्यों– आत्मनिर्भरता और निर्यात– को आगे बढ़ाने पर काम करते रहना चाहिए क्योंकि भारत ने आयातक की जगह निर्यातक के रूप में अपनी छवि स्थापित कर ली है। बीते वित्त वर्ष में भारत का रक्षा निर्यात 21,083 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। यह वित्त वर्ष 2022–23 की तुलना में 32। 5 प्रतिशत अधिक है।

आंकड़े बताते हैं कि वित्त वर्ष 2013–14 की तुलना में बीते दस वर्षों में रक्षा निर्यात में 31 गुना बढ़ोतरी हुई है। रक्षा उद्योग, जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र की रक्षा कंपनियां भी हैं और निजी क्षेत्र की भी, ने रक्षा निर्यात के अब तक के उच्चतम स्तर को हासिल करने के लिए बहुत काम किया है। इसमें निजी क्षेत्र की हिस्सेदारी 60 और सरकारी क्षेत्र की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत रही है।

भारत को स्वदेशी उत्पादन बढ़ाने एवं तकनीकी विकास की नीति को जारी रखना चाहिए ताकि आयात पर हमारी निर्भरता कम हो सके तथा अर्थव्यवस्था को गति मिल सके। वर्ष 2027 तक भारतीय अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन डॉलर तक ले जाने में रक्षा निर्यात बड़ी भूमिका निभा सकता है।

बहरहाल, रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को पाने में कुछ समय लग सकता है। चीन, पाकिस्तान, जम्मू क्षेत्र में बढ़ते आतंकी हमलों के खतरों को देखते हुए भारत को आयात और घरेलू उत्पादन से रक्षा आधुनिकीकरण तथा स्वदेशी उत्पादन बढ़ाने के दोनों मोर्चों पर काम करते रहना होगा। इन उद्देश्यों तथा राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत बनाये रखने के लिए मोदी सरकार को हर साल रक्षा के मद में केंद्र सरकार के कुल खर्च का कम–से–कम 25 प्रतिशत खर्च करना चाहिए।

# कांवड़ : आस्था का बदलता चलन

**सुरेश पंत**

**जब किसी शिवलिंग पर जलाभिषेक भक्ति प्रदर्शन से अधिक, व्यक्तिगत आस्था का विषय था, तब भी भक्तों द्वारा गोमुख, गंगोत्री, हरिद्वार (उत्तराखंड), अजगैबीनाथ, सुल्तानपुर (भागलपुर, बिहार) से गंगाजल लेकर काशी विश्वनाथ, बैद्यनाथ धाम तथा अन्य छोटे–बड़े स्थानीय शिवालयों में जलाभिषेक करने का रिवाज रहा है। सावन महीने को शिव के साथ जोड़ा जाता है, इसलिए सावन में गंगाजल से जलाभिषेक करने का विशेष रिवाज है। यह मानने के कारण हैं कि यद्यपि कांवड़ यात्रा का चलन कम से कम तीन–चार सौ वर्ष पुराना रहा होगा, किंतु इतने विशाल उत्सव मेले के रूप में मनाने का चलन 25 से 30 वर्ष पुराना होगा। मैं यह अपने अनुभव से कह रहा हूं। लगभग 50 वर्ष पहले की बात है। मैं रामेश्वरम की यात्रा पर था, तो रेलगाड़ी में मेरे एक सहयात्री कोई दंडी स्वामी थे, जो मदुरै से रामेश्वरम जाने वाली गाड़ी में हमारे डिब्बे में आ गये थे। स्वामी जी ने बताया कि अवकाश प्राप्ति से पहले वे बिहार की किसी अदालत में न्यायाधीश थे। अब गोमुख से गंगाजल लेकर रामेश्वरम शिवलिंग में अभिषेक करेंगे। रामेश्वरम में दर्शनार्थियों की कतार में जब उनकी बारी आयी, तो पुरोहित ने उन्हें स्वयं जल चढ़ाने से मना कर दिया, यह कहकर कि आम दर्शनार्थियों को लिंग तक जाने की अनुमति नहीं है, वे गंगाजली (लोटा) उन्हें दे दें, 'मैं आपकी ओर से जल चढ़ा दूंगा।'**

कहा जाता है कि भगवान शिव को जलाभिषेक बहुत प्रिय है। पौराणिक कथाओं के अनुसार समुद्र मंथन के समय जब विष निकला तो संपूर्ण सृष्टि व्याकुल हो गयी। भगवान शंकर ने स्वयं विष पीकर लोगों को संकट से मुक्त किया।

इतना अधिक गरल पान करने से जब शिव भी बेचैन होने लगे, तो कहा जाता है कि शिव जी के परम भक्त रावण ने गंगाजल से उनका अभिषेक किया, ताकि विष के प्रभाव की तीव्रता कम हो सके। लोक मान्यताओं के अनुसार, आज उस पौराणिक शिवालय की पहचान पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में 'पूरा महादेव' के रूप में की जाती है, जो रावण की ससुराल के निकट है। आसपास के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु यहां जल चढ़ाने आते हैं।

जब किसी शिवलिंग पर जलाभिषेक भक्ति प्रदर्शन से अधिक, व्यक्तिगत आस्था का विषय था, तब भी भक्तों द्वारा गोमुख, गंगोत्री, हरिद्वार (उत्तराखंड), अजगैबीनाथ, सुल्तानपुर (भागलपुर, बिहार) से गंगाजल लेकर काशी विश्वनाथ, बैद्यनाथ धाम तथा अन्य छोटे–बड़े स्थानीय शिवालयों में जलाभिषेक करने का रिवाज रहा है। सावन महीने को शिव के साथ जोड़ा जाता है, इसलिए सावन में गंगाजल से जलाभिषेक करने का विशेष रिवाज है। यह मानने के कारण हैं कि यद्यपि कांवड़ यात्रा का चलन कम से कम तीन–चार सौ वर्ष पुराना रहा होगा, किंतु इतने विशाल उत्सव मेले के रूप में मनाने का चलन 25 से 30 वर्ष पुराना होगा। मैं यह अपने अनुभव से कह रहा हूं। लगभग 50 वर्ष पहले की बात है। मैं रामेश्वरम की यात्रा पर था, तो रेलगाड़ी में मेरे एक सहयात्री कोई दंडी स्वामी थे, जो मदुरै से रामेश्वरम जाने वाली गाड़ी में हमारे डिब्बे में आ गये थे।

स्वामी जी ने बताया कि अवकाश प्राप्ति से पहले वे बिहार की किसी अदालत में न्यायाधीश थे। अब गोमुख से गंगाजल लेकर रामेश्वरम शिवलिंग में अभिषेक करेंगे। रामेश्वरम में दर्शनार्थियों की कतार में जब उनकी बारी आयी, तो पुरोहित ने उन्हें स्वयं जल चढ़ाने से मना कर दिया, यह कहकर कि आम दर्शनार्थियों को लिंग तक जाने की अनुमति नहीं है, वे गंगाजली (लोटा) उन्हें दे दें, 'मैं आपकी ओर से जल चढ़ा दूंगा।' स्वामी जी का कहना था कि गोमुख से जल लेकर हजारों मील की यात्रा करके मैं आया हूं, अब जब केवल पांच–छह कदम की दूरी रह गयी है, तो यह काम आपको कैसे सौंप सकता हूं। मेरे और मेरे शिव के बीच कोई बिचौलिया नहीं चाहिए। बीच–बचाव के बाद उन्हें इतना निकट आने दिया गया कि वे जल चढ़ा सकें। वर्ष 1960, 70 व 80 के वर्षों में भी दिल्ली, मेरठ, हरिद्वार मार्ग में कांवरियों के इक्का–दुक्का झुंड कहीं मिल जाते थे, परिवहन बिना किसी बाधा के चलता रहता था।

आइए कांवड़, कांवरिया शब्दों की व्युत्पत्ति पर एक दृष्टि डालें। 'कांवड़' मूलतः वह बांस है, जिसके दोनों सिरों पर भार ढोने के लिए दो छींके लटके होते हैं। कांवड़ के सिरों पर भार को संतुलित कर बांस को कंधे पर रखकर ढोया जाता है। समूचे उपकरण का नाम कहीं बहंगी भी है, जिसे कांवड़ भी कहा जाता है। कांवरिया का संबंध इसी कांवड़ शब्द से है। कांवड़ की व्युत्पत्ति सत्संग–प्रवचन शैली में तीर–तुक्के मिलाकर अनेक प्रकार से दी जाती है, पर लगता है इसका संबंध संस्कृत के कर्पट, कर्पटिक, कार्पटिक शब्दों से है। संस्कृत में 'कर्पट' फटा, थेगली लगा कपड़ा है और 'कर्पटिक' ऐसे कपड़ों वाला। गूदड़ी (कंथा) थेगलियों की ही होती थी जो यात्रियों के लिए जरूरी सामान थी। बहंगी (कांवड़) के सिरों पर लटकते पल्ले भी थेगलियों से मढ़े होते थे।

यात्री/तीर्थयात्री इसीलिए 'कार्पटिक' कहलाये जो आज कांवड़िये हैं। कांवड़ का संबंध कंधा– कावां से भी हो सकता है। कंधे पर रख कर सामान ले जाने वाले कांवांरथी कहलाये और कांवांरथी से बना कांवरिया। आवश्यक नहीं कि संस्कृत/ प्राकृत भाषा ही मूल हो। अज्ञात व्युत्पत्तिक शब्द ही वस्तुतः देशज होते हैं। मिथिला से शैलेंद्र झा बताते हैं कि कांवड़ और बहंगी दो अलग चीजें हैं। बहंगी बांस को फाड़कर बनाया जाता है। कांवड़ में संपूर्ण बांस का प्रयोग होता है। कांवड़ के बांस के दोनों छोड़ों पर एक–एक बांस की बनी ढक्कनदार टोकरी लटकती थी। एक में कपड़ा, भोजन सामग्री तथा दूसरे मे पूजा–पाठ का सामान रहता था। गंगाजल पात्र उसी से बाहर लटकता था। टोकरी के नीचे चार खूटियां बाहर निकली रहती थीं जिससे नीचे रखने में सुविधा होती थी। यह कांवड़ अपने भार के कारण अब बहुत कम प्रयोग में आता है।

बैद्यनाथ धाम, देवघर, झारखंड में पहले कांवड़ यात्रा बसंत पंचमी और शारदीय दुर्गा पूजा के समय हुआ करती थी, क्योंकि यह कृषि कार्य के हिसाब से निश्चिंतता का समय है। व्यवसायी लोग सावन महीने में जाते थे, जो व्यवसाय के हिसाब से निश्चिंतता का समय है। विगत तीन–चार दशकों से सभी लोग सावन में ही कांवड़ यात्रा करने लगे हैं। मिथिलांचल के बहुत से लोग अभी भी आश्विन और फाल्गुन महीनों मे ही कांवड़ यात्रा करते हैं। आज कांवड़ का एक भिन्न स्वरूप रह गया है, जिस पर प्रायः दोनों ओर गंगाजल से भरे दो छोटे–छोटे बर्तन लटकाये जाते हैं। कुछ लोग अनेक गंगाजली कलश कांवड़ से उठाकर चलते हैं।

# नयी सरकार में निरंतरता को प्रमुखता

**प्रभु चावला**

बीते लोकसभा चुनाव में मतदाताओं ने निरंतरता के लिए जनादेश दिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार सरकार का गठन किया। इस परिणाम में थोड़ा बदलाव कर गठबंधन सरकार के लिए जनादेश था। पिछले कुछ हफ्तों में मोदी सरकार के क्रियाकलापों को देखकर लगता है कि निरंतरता बदलाव पर हावी हो गयी है। मंत्रिपरिषद का रंग जरूर बदला है, तौर–तरीकों, संविधान, भारत की रणनीतिक, आर्थिक एवं कूटनीतिक राह में कोई खास अंतर नहीं आया है। भले ही कांग्रेस की राजनीति तीन बार परास्त हुई हो, पर उसके आर्थिक और कूटनीतिक तौर–तरीकों को नयी सरकार में भी गौरवपूर्ण जगह मिली है। नेहरूवादी व्यवस्था से संबंधित अर्थशास्त्रियों को इस सरकार में पहले की अपेक्षा अधिक महत्व दिया गया है।

मसलन, कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री ने नीति आयोग का पुनर्गठन किया, जिसमें सभी पांच पूर्णकालिक सदस्यों– उपाध्यक्ष सुमन बेरी, विजय कुमार सारस्वत, अरविंद विरमानी, रमेश चंद और डॉ वीके पॉल– को फिर से शामिल किया गया है। भाजपा नेताओं के लिए 75 साल की आयु सीमा है, पर यह नियम नीति आयोग में लागू नहीं होता। उपाध्यक्ष का दर्जा कैबिनेट मंत्री के बराबर होता है और शेष सदस्य राज्य मंत्री स्तर के होते हैं। गठबंधन की मजबूरी के कारण कुछ नये कैबिनेट मंत्रियों को सदस्य और आमंत्रित सदस्य बनाया गया है, पर मुख्य टीम पुरानी ही है। बेरी, विरमानी और सारस्वत की उम्र 75 साल से अधिक है। रमेश चंद और पॉल के अलावा बाकी यूपीए सरकार से भी संबद्ध थे तथा सीधे या परोक्ष रूप से आंतरिक संगठनों और रक्षा प्रतिष्ठान से जुड़े थे।

विश्व बैंक से अपना करियर शुरू करने वाले बेरी कांग्रेस व्यवस्था द्वारा बनाये गये अभिजन बहुराष्ट्रीय मेरिटोक्रेसी तंत्र के खांचे में पूरी तरह सही बैठते हैं। वे रिजर्व बैंक के सलाहकार तथा पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य रह चुके हैं। वे ऊर्जा कंपनी शेल से संबद्ध थे तथा ब्रसेल्स स्थित संस्था ब्रुएगल के फेलो रहे हैं, जिससे कई बड़ी तकनीकी कंपनियां जुड़ी हुई हैं। विरमानी, जिनकी विचारधारा भी उनका अपना करियर है, भी कांग्रेस सरकारों के साथ काम कर चुके हैं तथा उनका जुड़ाव अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से भी रहा है। यूपीए शासन में वे एक बार मुख्य आर्थिक सलाहकार भी रहे थे। प्रमुख वैज्ञानिक माने जाने वाले सारस्वत भी यूपीए सरकार में सचिव थे तथा रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन से संबद्ध थे।

वे तब विवादों से घिरे रहते थे और एक बार सरकार ने उनकी वित्तीय शक्तियों को सीमित भी कर दिया था। फिर भी मनमोहन सरकार ने उन्हें पद्मभूषण से नवाजा था। मनमोहन सिंह के निजी सचिव के रूप में काम कर चुके बीवीआर सुब्रमण्यम को आयोग का सीइओ बनाये रखा गया है। साल 2014 में भाजपा सरकार के आने के बाद उन्हें नीति आयोग का सदस्य बना दिया गया था। डॉ पॉल और चंद का भाग्य यूपीए के दौर में ऐसा नहीं था। लगभग 70 वर्ष के हो चुके डॉ पॉल एम्स में लगभग एक दशक तक शिशु रोग विभाग के प्रमुख रहे, पर उन्हें निदेशक नहीं बनाया गया। भाजपा सरकार के आने के बाद उन्हें अगस्त 2017 में नीति आयोग का सदस्य बनाया गया। कृषि अर्थशास्त्री चंद आयोग के सबसे कम आयु के सदस्य हैं।

नीति आयोग की प्रशासकीय परिषद के सदस्य के रूप में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू बेहद अहम साबित होंगे। बीते एक दशक में परिषद की एक दर्जन से भी कम बैठकें हुई हैं। मोदी की तरह नायडू भी विचारवान व्यक्ति हैं और विशेषज्ञों के सहयोग से वे विकास का वैकल्पिक मॉडल पेश कर सकते हैं, जिससे अधिक निजी क्षेत्र के सहयोग से राज्यों में वास्तविक विकास तेज होगा। वे अधिकारियों और विदेशों में प्रशिक्षित पेशेवरों को नैरेटिव नहीं गढ़ने देंगे। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी अपनी बैठक के लिए तैयार हैं। दो अन्य मुख्यमंत्रियों के साथ वे मौजूदा नीतियों में अहम बदलाव के लिए दबाव डालेंगे। नीति आयोग के अलावा मोदी ने अपने कार्यालय और कूटनीतिक पदों पर भी निरंतरता जारी रखने का फैसला किया है।

उनके प्रधान सचिव पीके मिश्र और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अपने पदों पर बने रहेंगे। दोनों 75 साल से अधिक के हैं और अपने पदों पर एक दशक से अधिक समय तक बने रहने का रिकॉर्ड बना चुके हैं। ये दोनों मोदी की नीतियों को लागू करने में शानदार ढंग से प्रभावी साबित हुए हैं। पहले विभिन्न पदों पर रहते हुए हुए दोनों वरिष्ठों ने नयी–नयी रणनीतियों के इस्तेमाल के साथ बहुत अच्छे प्रशासनिक कौशल का प्रदर्शन किया था। दोनों को कैबिनेट मंत्री के समकक्ष दर्जा मिला हुआ है। संवेदनशील मंत्रालयों, जैसे– वित्त, गृह, रक्षा, विदेश और इंफ्रास्ट्रक्चर आदि, को आवंटित करते समय भी प्रधानमंत्री ने निरंतरता को तरजीह दी है।

इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए मोदी ने सेवानिवृत्त हो रहे विदेश सचिव विनय क्वात्रा को अमेरिका में भारत का राजदूत नियुक्त किया है। पहली बार ऐसा हो रहा है, जब पूर्व विदेश सचिव रहे जयशंकर विदेश मंत्रालय को छह वर्षों से संभाल रहे हैं। वे चीन और अमेरिका दोनों जगह राजदूत भी रह चुके हैं। पहले अनुभवी और वरिष्ठ नेताओं को विदेश मंत्री बनाया जाता था तथा ब्रिटेन या अमेरिका जैसे देशों में कूटनीतिक जिम्मेदारी सौंपी जाती थी। बीते दो दशकों में इस परिपाटी में बदलाव आया और प्रधानमंत्रियों ने अहम देशों में विदेश सेवा के अधिकारियों को दूत के रूप में नियुक्त करना शुरू किया। क्वात्रा विदेश सेवा के 10वें अधिकारी हैं, जिन्हें एक के बाद एक राजदूत बनाया गया है। अमेरिका में नियुक्त 29 राजदूतों में 10 विदेश सेवा से, तीन प्रशासनिक सेवा से और चार ब्रिटिश शासन द्वारा स्थापित सिविल सर्विस से रहे हैं। ब्रिटेन में कार्यरत अंतिम 14 उच्चायुक्त विदेश सेवा से रहे हैं।

# पर्यावरण संरक्षण तथा जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में वन क्षेत्रों का महत्व

**अशोक शर्मा**

पर्यावरण संरक्षण तथा जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में वन क्षेत्रों का महत्व सर्वाधिक है। वैश्विक स्तर पर बढ़ती आबादी और विकास की दौड़ ने ऐतिहासिक रूप से जंगलों को नष्ट किया है, जिसका दुष्परिणाम समूची मानवता आज भुगत रही है। ऐसी स्थिति में कुछ दशकों से पर्यावरण और जलवायु को लेकर सकारात्मक प्रयास में बड़ी वृद्धि हुई है। संयुक्त राष्ट्र की संस्था खाद्य एवं कृषि संगठन ने अपनी ताजा रिपोर्ट में रेखांकित किया है कि 2000 से 2020 की अवधि में वन क्षेत्रों के नुकसान में 23 प्रतिशत की कमी आयी है। इसमें भारत ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। संगठन के अनुसार, हमारे देश में 2010 से 2020 की अवधि में वन क्षेत्र में हर वर्ष 2। 66 लाख हेक्टेयर की बढ़ोतरी हुई है। इस वृद्धि के मामले में चीन और ऑस्ट्रेलिया ही भारत से आगे है।

वन क्षेत्र का विस्तार करने वाले शीर्ष के देशों में चिली, वियतनाम, तुर्की, अमेरिका, फ्रांस, इटली और रोमानिया शामिल हैं। इस रिपोर्ट में नये तौर–तरीकों से क्षरित भूमि को सुधारने तथा कृषि–वानिकी विस्तृत करने के लिए भारत की प्रशंसा की गयी है। उल्लेखनीय है कि भारत स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन और उपभोग में भी उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। इस वर्ष के बजट में भी स्वच्छ ऊर्जा से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण प्रावधान किये गये हैं, जिनमें इलेक्ट्रिक वाहनों तथा सौर, पवन, जल एवं परमाणु ऊर्जा को विकसित करने के प्रस्ताव हैं। स्वच्छ ऊर्जा उद्योग के लिए आवश्यक वस्तुओं के आयात शुल्कों में कमी की गयी है और कुछ को शुल्क मुक्त कर दिया गया है। जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को देखते हुए कृषि में परिवर्तन के लिए भी पहलें की जा रही हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा से मिट्टी, जल, वायु तथा वनों के संरक्षण को प्राथमिकता देते आये हैं। उन्होंने ग्लासगो जलवायु सम्मेलन में भारत की इस प्रतिबद्धता को भी सामने रखा था कि 2070 तक शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल कर लिया जायेगा। वन क्षेत्रों का विस्तार से उत्सर्जन रोकने के साथ–साथ मिट्टी, जल और वायु को संरक्षित रखने में बड़ी मदद मिलेगी। वन अर्थव्यवस्था में भी उल्लेखनीय सहयोग देते हैं। कुछ समय पहले यह चिंताजनक सर्वेक्षण सामने आया था कि भारत के गांवों में खेतों के किनारे लगे पेड़ों की संख्या में भारी कमी आयी है। शहरी बाढ़, जल–जमाव और संकट ने इस तथ्य को रेखांकित किया कि जलीय स्रोतों और निकासी के नैसर्गिक रास्तों को नष्ट करने के कारण ऐसी समस्याएं आ रही हैं। इस वर्ष की भीषण गर्मी ने भी चेतावनी दे दी है कि पेड़ों, जंगलों और जलीय स्रोतों को संरक्षित करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। वन क्षेत्रों का बढ़ना उत्साहजनक है, पर जंगली आग की बढ़ती घटनाओं को रोकने पर भी हमें ध्यान देना होगा।

# अक्षय कुमार स्टारर खेल खेल में का मोशन पोस्टर आया सामने, स्त्री 2 और वेदा के साथ होगा बड़े पर्दे पर क्लैश



इस साल स्वतंत्रता दिवस पर सिनेमाघरों में खूब हुड़दंग मचने वाला है। एक साथ तीन अलग–अलग जॉनर की फिल्में रिलीज हो रही हैं। हॉरर कॉमेडी स्त्री 2 और एक्शन थ्रिलर वेदा के साथ बड़े पर्दे पर अपनी पलटन के साथ अक्षय कुमार भी उतरने के लिए एकदम तैयार हैं और वो भी एक अलग अवतार में।

2024 में अक्षय कुमार की दो फिल्में रिलीज हुईं। अप्रैल में अभिनेता ने बड़े मियां छोटे मियां में अपना इंटेंस एक्शन दिखाया, फिर जुलाई में बायोपिक सरफिरा बनकर उन्होंने दिखाया कि जिद के साथ सफलता कैसे मिलती है। बायोपिक और एक्शन थ्रिलर के बाद अब अक्षय कुमार दर्शकों के पेट में गुदगुदी करने आ रहे हैं। उनकी आगामी फिल्म खेल खेल में अगस्त महीने में दस्तक दे रही है।कुछ महीने पहले ही अक्षय कुमार ने अपनी आगामी फिल्म खेल खेल में की अनाउंसमेंट कर दी थी। अब फिल्म का पहला ऑफिशियल मोशन पोस्टर रिलीज किया गया है। इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म की सभी कास्ट के साथ एक दमदार पोस्टर जारी हुआ है, जिसमें अक्षय एक अलग अवतार में नजर आ रहे हैं। उनका लुक देख लगता है कि वह बूढ़े शख्स का किरदार निभाएंगे। पोस्टर में उनके बाल लगभग सफेद हैं।

पोस्टर के साथ अक्षय कुमार ने कैप्शन में लिखा है, यारों वाला खेल... यारी वाली पिक्चर। बैंड बाजे के माहौल में... बैंड बजाने वाली पिक्चर। साल की सबसे बड़ी फैमिली एंटरटेनर को बोलो हाय। कॉमेडी ड्रामा खेल खेल में 15 अगस्त 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।मुदस्सर अजीज के निर्देशन में बनी फिल्म खेल खेल में अक्षय कुमार के साथ तापसी पन्नू, फरदीन खान, वाणी कपूर, प्रज्ञा जायसवाल, आदित्य सील और एमी विर्क जैसे कलाकार नजर आएंगे।

## रक्षित अटलूरी की फिल्म ऑपरेशन रावण की दमदार पोस्टर के साथ रिलीज डेट की घोषणा

आगामी फिल्म ऑपरेशन रावण में रक्षित अतलुरी और राधिका सरथ कुमार मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म का निर्माण ध्यान अतलुरी ने नए जमाने की सस्पेंस थ्रिलर के रूप में किया है और इसका निर्देशन वेंकट सत्या ने किया है। संगीर्थना विपिन नायिका की भूमिका निभा रही हैं।यह फिल्म एक द्विभाषी साइको थ्रिलर है। निर्माताओं ने आज घोषणा की है कि फिल्म ऑपरेशन रावण, जिसने अपने सभी कार्यक्रम पूरे कर लिए हैं, 2 अगस्त को तेलुगु और तमिल में दुनिया भर में भव्य रूप से रिलीज़ होगी। ऑपरेशन रावण की रिलीज डेट की घोषणा के दौरान जारी किए गए पोस्टर का शीर्षक था ए साइको स्टोरी। हीरो रक्षित अतलुरी के साथ एक्शन सीक्वेंस वाला यह पोस्टर दिलचस्पी जगा रहा है। राधिका सरथ कुमार, चरण राज और तमिल अभिनेता विद्या सागर फिल्म ऑपरेशन रावण में अन्य महत्वपूर्ण भूमिकाएँ निभा रहे हैं।

## जो रूट ने तोड़ा ब्रायन लारा का रिकॉर्ड

नई दिल्ली। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच खेली जा रही टेस्ट सीरीज में जो रूट का प्रदर्शन अब तक शानदार रहा है। सीरीज के तीसरे टेस्ट की पहली पारी में 14 रन बनाते ही जो रूट ने ब्रायन लारा को रिकॉर्ड तोड़ दिया। रूट अब टेस्ट क्रिकेट में 7वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने ब्रायन लारा को पीछे छोड़ा है। इससे पहले उन्होंने शिवनारायण चंद्रपाल को पछाड़ा था।

**अर्धशतक की ओर बढ़ रहे जो रूट**

मुकाबले की बात करें तो वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। एजबेस्टन, बर्मिंघम में वेस्टइंडीज टीम पहली पारी में 282 रन पर सिमट गई। अब इंग्लैंड टीम पहली पारी में बैटिंग कर रही है। खबर लिखे जाने तक इंगलिश टीम का स्कोर 5 विकेट के नुकसान पर 100 रन के पार हो गया है।

# सूर्यकुमार ने टी20 में जड़ी 20वीं फिफ्टी, हार्दिक को छोड़ा पीछे



नई दिल्ली। भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को टी20क का फुलटाइम कप्तान बनाया गया है। श्रीलंका के खिलाफ पहले टी20क मैच में कप्तान सूर्यकुमार यादव ने तूफानी अर्धशतक जड़ा। अपनी इस पारी के दौरान सूर्या ने हार्दिक पांड्या का एक रिकॉर्ड तोड़ दिया। सूर्यकुमार यादव 16 रन बनाते ही टी20क में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले चौथे भारतीय कप्तान बने। टॉस हारने के बाद भारतीय टीम को पहले बल्लेबाजी करने का न्यौता दिया गया। शुभमन गिल (34) और यशस्वी जायसवाल (40) ने भारतीय टीम को तेज शुरुआत दी। दोनों के आउट होने के बाद सूर्यकुमार यादव ने रन बनाने की कमान संभाली। तेजी से बल्लेबाजी करते हुए सूर्यकुमार ने 22 गेंद पर सात चौके और दो छक्कों की मदद से अपना 20वां टी20क अर्धशतक पूरा किया। वहीं, बतौर कप्तान यह सूर्यकुमार का तीसरा अर्धशतक रहा।

हार्दिक को छोड़ा पीछे

अपनी इस तूफानी के दौरान सूर्यकुमार यादव ने हार्दिक पांड्या को पीछे छोड़ दिया। सूर्या टी20क में भारत के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले चौथे बल्लेबाज बने। सूर्या ने 16 रन बनाते ही हार्दिक पांड्या को पीछे छोड़ दिया। हार्दिक ने बतौर कप्तान भारत के लिए 296 रन बनाए हैं। इस लिस्टा में पूर्व कप्तान रोहित शर्मा टॉप पर हैं। विराट कोहली दूसरे नंबर पर हैं।

# फिर आई हसीन दिलरुबा का पहला पोस्टर जारी, 9 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी फिल्म



अभिनेत्री तापसी पन्नू को आखिरी बार 2023 में शाहरुख खान के साथ फिल्म डंकी में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब प्रशंसा हुई।आने वाले दिनों में तापसी अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म फिर आई हसीन दिलरुबा के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करती हुई नजर आएंगी।इस फिल्म में विक्रांत मैसी और सनी कौशल भी अपनी अदाकारी का तडका लगाते हुए दिखाई देंगे।अब निर्माताओं ने फिर आई हसीन दिलरुबा का पहला पोस्टर जारी कर दिया है।

पोस्टर में तापसी, विक्रांत और सनी की तिगड़ी देखने को मिल रही है। यह फिल्म 9 अगस्त, 2024 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।निर्माताओं ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, खून को मिटाये ये बारिश, यही है इस कातिलाना इश्क की गुजारिश।फिर आई हसीन दिलरुबा 2021 में आई फिल्म हसीन दिलरुबा का सीक्वल है, जिसमें तापसी के साथ विक्रांत और अभिनेता हर्षवर्धन राणे ने अभिनय किया था।फिल्म को दर्शकों के साथ–साथ समीक्षकों से भी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी।

बता दें कि इस फिल्म के पहले पार्ट में तापसी पन्नू ने रानी का किरदार निभाया हैं और विक्रांत मैसी ऋषभ सक्सेना उनके पति की भूमिका में होते हैं. हसीन दिलरुबा विनी मैथ्यू द्वारा निर्देशित और कनिका ढिल्लन द्वारा लिखित है.

# अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच भारत के इस मैदान पर खेला जाएगा टेस्ट मैच



नई दिल्ली। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पुष्टि की है कि वह भारत के ग्रेटर नोएडा में 9 से 13 सितंबर तक इकलौता टेस्ट मैच खेलेगा। यह मुकाबला अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के बीच खेला जाएगा। यह पहली बार होगा जब दोनों टीमें टेस्ट में आमने–सामने होंगी। यह ऐतिहासिक मैच अफगानिस्तान का 10वां और 2024 में उनका तीसरा टेस्ट मैच होगा। जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, न्यूजीलैंड टीम टेस्ट मैच से पहले 3 दिवसीय कंडीशनिंग कैंप के लिए 5 सितंबर को ग्रेटर नोएडा पहुंच जाएगी। अफगानिस्तान टीम एक सप्ताह के प्रशिक्षण और तैयारी शिविर के लिए अगस्त के अंत में दिल्ली जाएगी। अउइ और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के बीच एक आपसी समझौते के बाद, ग्रेटर नोएडा स्टेडियम अफगानिस्तान के घरेलू खेलों के लिए आवंटित स्थानों में से एक है।

**न्यूजीलैंड टेस्ट टीम की मेजबानी करके खुश हैं**

अउइ के अध्यक्ष मीरवाइस अशरफ ने पहली बार न्यूजीलैंड की मेजबानी करने को लेकर उत्साह व्यक्त किया और कहा, "हम अपने क्रिकेट इतिहास में पहली बार न्यूजीलैंड टेस्ट टीम की मेजबानी करके खुश हैं। यह उस कड़ी मेहनत का प्रमाण है जो हमने विभिन्न आईसीसी बोर्ड बैठकों के मौके पर विभिन्न बोर्डों के साथ कई चर्चाओं और बैठकों के माध्यम से की है।" उन्होंने आगे कहा, "ब्लैककैप्स विश्व क्रिकेट में एक उत्कृष्ट ऑल–फॉर्मेट टीम है। हमें भविष्य में सफेद गेंद वाले द्विपक्षीय मैचों के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट के साथ एक समझौते पर पहुंचने की उम्मीद है।"

## एक नजर

### डेंगू से वार को बना कंट्रोल रूम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान के आदेशों के क्रम में नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत डेंगू की रोकथाम और सुरक्षित उपचार के लिए बेस अस्पताल में डेंगू कंट्रोल रूम स्थापित कर दिया गया है। शनिवार को यह जानकारी देते हुए अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एसडी बर्मन ने बताया कि नगर क्षेत्र निवासी कोई भी व्यक्ति डेंगू के संबंध में कोई भी जानकारी, शिकायत या सुझाव कंट्रोल रूम के मोबाइल नं. 8630687503 व 7579476028 पर दे सकता है।

### महिला की मौत मामले के मजिस्ट्रीयल जांच के आदेश

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : बीते दिनों ग्राम तूणीसेरा, ग्रामसभा कमंदा, तहसील धुमाकोट में बिजली की तार टूटने से करंट की चपेट में आने से सरोजनी देवी की मौत की मजिस्ट्रीयल जांच होगी। उक्त दुर्घटना का त्वरित संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी पौड़ी द्वारा मजिस्ट्रीयल जांच के आदेश देकर उपजिलाधिकारी धुमाकोट को जांच अधिकारी नामित किया है। जांच अधिकारी उपजिलाधिकारी शालिनी मौर्य ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। उपजिला मजिस्ट्रेट धुमाकोट शालिनी मौर्य ने कहा कि उक्त दुर्घटना के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को जो भी अभिलेखीय साक्ष्य/मौखिक साक्ष्य प्रस्तुत करना हो तो वह 07 दिन के अंदर किसी भी कार्य दिवस पर प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक तहसील कार्यालय धुमाकोट में साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते हैं।

### कांग्रेस की पदयात्रा को बताया राजनैतिक स्टंट

श्रीनगर गढ़वाल : भाजपा श्रीनगर मंडल ने शनिवार को अदिति स्मृति न्यास में प्रेस वार्ता कर कांग्रेस की केदारनाथ मंदिर बचाओ पदयात्रा को राजनैतिक स्टंट बताया है। वार्ता करते हुए भाजपा पूर्व दायित्वधारी राज्य मंत्री अतर सिंह असवाल ने कहा कि कांग्रेस दिल्ली में केदारनाथ मंदिर की प्रतिकृति निर्माण और केदारनाथ बचाओ पदयात्रा को हरिद्वार से केदारनाथ तक सिर्फ एक षड़यंत्र के तहत मुद्दा बनाने का काम रही है। (एजेंसी)

### मजदूरों ने जून माह का वेतन देने की मांग

चमोली : जल निगम और जल संस्थान मजदूर संगठन ने शनिवार को जिला मुख्यालय गोपेश्वर में सामूहिक बैठक कर अपनी मांगों और समस्याओं के समाधान के लिए उत्तराखंड के जल निगम के प्रबंध निदेशक को ज्ञापन भेजा।शनिवार को संगठन के जिलाध्यक्ष किशन सिंह रावत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संगठन के कर्मियों ने कहा अधिशासी अभियन्ता के अभाव में अभी तक विभागों में कार्यरत कर्मियों को जून माह का वेतन नहीं मिल सका है। जिससे उनके और परिवार के सामने आर्थिक संकट आ गया है। जल संस्थान जल निगम मजदूर संगठन ने समस्याओं के समाधान की भी मांग उठाई। इस अवसर पर किशन सिंह, नरेंद्र सिंह, जीत सिंह, मीरा वर्त्वाल,विजय सिंह, भरत सिंह आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

### भारी बारिश के कारण जन जीवन अस्त व्यस्त

चमोली : कर्णप्रयाग-ग्वालदम राष्ट्रीय राजमार्ग बगोली, नलगांव, पंती नारायणबगड़ में भारी बारिश के बाद मलबा आने के कारण 16 घंटे तक बाधित रहा। जिस कारण आवागमन करने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई घरों और दुकानों में मलबे ने तबाही मचाई। शुक्रवार रात को हुई भारी बारिश के कारण जहां नारायणबगड़ के पंती क्षेत्र की ऊपर जंगल में रात्रि 11 बजे पंती गधरे ने विकराल रूप धारण किया और अपने साथ लाये भारी बोल्डर और मलबे से कर्णप्रयाग-ग्वालदम राष्ट्रीय पूर्ण रूप से अवरुद्ध हो गया। जिसे शनिवार सुबह 8 बजे के समीप बीआरओ द्वारा खोला गया। यहां पर निवासरत रुद्र प्रताप सिंह के कमरों में मलबा भर गया। उन्होंने किसी तरह अपनी और परिजनों की जान बचाई।

### मद्महेश्वर की यात्रा थमी, रास्ते पर सन्नाटा पसरा

रुद्रप्रयाग : पंचकेदारों में द्वितीय केदार भगवान मद्महेश्वर की यात्रा बनतोली में पुल ध्वस्त होने के कारण बंद है। यहां शनिवार को पूरे पैदल मार्ग में सन्नाटा पसरा रहा।

जबकि मार्ग में कारोबार कर रहे स्थानीय व्यापारियों के सामने आर्थिक संकट पैदा हो गया है। हालांकि जल स्तर कम होने के बाद लोनिवि ऊखीमठ यहां फिलहाल अस्थाई पुल निर्माण की कार्यवाही शुरू करेगा।

# नशा शरीर के साथ परिवारों को कर देता है बर्बाद



कोटद्वार में आयोजित गोष्ठी के शुभारंभ कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति देती छात्राएं

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** नशा जीवन की दुर्दशा विषय पर उत्तराखंड लोक साहित्य एवं सांस्कृतिक मंच की ओर से गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया। कहा कि नशा शरीर के साथ ही परिवारों को भी बर्बाद कर देता है।

गोष्ठी कार्यक्रम का शुभारंभ राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति से किया। इसके उपरांत मुख्य वक्ता उत्तराखंड शिक्षा निदेशक महावीर सिंह बिष्ट ने युवाओं को बेहतर भविष्य की सीख दी। कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है, जिसके खिलाफ हम सभी को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। आज नशे के कारण कई परिवार बर्बादी की कगार पर पहुंच गए हैं। खंड शिक्षा अधिकारी दुगड्डा अमित कुमार चंद ने स्कूली बच्चों को जीवन में लक्ष्य तय कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि मेहनत से ही उच्च लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। इस मौके पर सत्यप्रकाश थपलियाल, के. पीएल खंतवाल, प्रकाश चंद्र कोठारी, अजयपाल सिंह रावत, डा. पद्मेश बुड़ाकोटी आदि मौजूद रहे।

## लायंस क्लब ने स्कूली बच्चों को बांटे जूते

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** लॉयन्स क्लब डिग्निटी की ओर से गरीब व असहाय परिवार के बच्चों को जूते वितरित किए गए। इस दौरान बच्चों के लिए मैराथन दौड़ का भी आयोजन किया गया। झंडीचौड़ उमरावपुर कोटद्वार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्लब के सदस्यों ने विद्यार्थियों को सेना के इतिहास के बारे में बताते हुए उन्हें सेना में भर्ती होने के लिए प्रेरित किया। इसके उपरांत वीर सपूतों के नाम पर मैदाथन दौड़ का आयोजन किया गया। क्लब के सदस्य ने कहा कि बच्चों को सेना के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर लायॅन्स क्लब के अध्यक्ष राजेश बत्रा, सचिव रोहित बत्रा, उपसचिव अवधीश चमोली, कोषाध्यक्ष राजेश फूल, हुकम सिंह नेगी, प्रशांत रस्तोगी, डा. आशीष अग्रवाल, हितेश गोयल, अरविंद बंसल आदि मौजूद रहे।

# हवन और भंडारे के साथ शिव महापुराण की कथा का समापन



**जयन्त प्रतिनिधि। थलीसैंण :** पिछले आठ दिनों से चल रहे महा शिवपुराण कथा का हवन यज्ञ और भंडारे के साथ विधिवत समापन किया गया। शनिवार को शिव मंदिर में कथा व्यास कमलेश चंद्र जोशी ने पूरे विधि विधान के साथ हवन यज्ञ करवाया। इस अवसर पर महा शिव पुराण कथा के आयोजक ने इस आयोजन में सहयोग देने के लिए स्थानीय लोगों, जन प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं का आभार जताया और समस्त श्रोतागणों और क्षेत्र के लोगों की मंगलमय भविष्य की कामना की। व्यास कमलेश चंद्र जोशी ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से क्षेत्र में सुख शांति का संचार होता है। इस अवसर पर अवतार सिंह, संजय धस्माना, डा. संजय पोखरियाल, नरेंद्र सिंह, सतेन्द्र सिंह, श्याम सिंह, विक्रम सिंह, मेहरबान सिंह भंडारी आदि मौजूद थे।

# नागरिक कल्याण एवं जागरूक विकास समिति ने आयुक्त कार्यालय में दिया धरना

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : नागरिक कल्याण एवं जागरूक विकास समिति ने मंडलीय कार्यों का संचालन मंडल मुख्यालय पौड़ी से किए जाने की मांग को लेकर आयुक्त कार्यालय में धरना दिया। इस दौरान समिति के सदस्यों ने जमकर नारेबाजी की। सदस्यों ने कहा कि सीएम के निर्देश के बावजूद भी कई मंडलीय कार्यालयों का जिला मुख्यालय से संचालन नहीं हो रहा है, जिस कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

शनिवार को समिति ने अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आयुक्त कार्यालय में धरना दिया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष रघुवीर सिंह रावत, सचिव गबर सिंह, महासचिव केदार सिंह गुसाईं ने कहा कि बीते दिनों पौड़ी आए सीएम पुष्कर सिंह धामी ने पौड़ी से ही मंडलीय कार्यालयों का संचालन करने के निर्देश दिए थे, लेकिन इसके बाद भी कई मंडलीय कार्यालय पौड़ी से संचालित नहीं हो रहे हैं। जिससे लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

कहा कि जल्द ही मंडलीय कार्यालयों का पौड़ी से संचालन नहीं होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर अनीता रावत, पदमेंद्र बिष्ट, पीएस रावत, राजेंद्र सिंह रावत, ठाकुर सिंह, वीरेंद्र बिष्ट, झबर सिंह, विनोदानंद बड़थ्वाल, मनवीर रावत, महावीर सिंह नेगी, हुकुम सिंह आदि शामिल थे।

# आईएचएमएस ने किया नवीन छात्रों और अभिभावकों का स्वागत

## अभिभावकों को दी गई कालेज के शैक्षणिक नियमों की जानकारी

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** इंस्टीट्यूट ऑफ हास्पीटेलिटी मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) की ओर से कालेज में इस वर्ष प्रवेश लेने वाले नवीन छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों के लिए पांच दिवसीय स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें उन्हें कालेज की शिक्षा व्यवस्थाओं और नियमों की जानकारी दी गई।

बलभद्रपुर बीईएल रोड स्थित कालेज परिसर में आयोजित सम्मान समरोह के पहले दिन सुबह सभी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया। इसके बाद उन्हें कालेज के सभागार में कालेज और कोर्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। समारोह के दूसरे और तीसरे दिन छात्र-छात्राओं को कालेज के बीबीए, बीसीए, बीएससी-आईटी और बीएचएम कोर्स की जानकारी दी गई। समारोह के चौथे दिन छात्र-छात्राओं के लिए योग और ध्यान की कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें आर्टस ऑफ लिविंग से मोनिका बत्रा ने छात्र-छात्राओं को जीवन में सफल होने के गुर सिखाए। उन्होंने योग के तहत प्रणायाम और ध्यान के माध्यम से पढ़ाई में फोकस करने का तरीका बताया। सहयोगी साक्षी लूथरा ने गेम के माध्यम से छात्रों को अपने लक्ष्य को पाने का तरीका बताया। समारोह के अंतिम दिन कालेज परिसर में अभिभावकों का स्वागत किया गया। कालेज के सभागार में आयोजित समारोह में कालेज के डायरेक्टर एडमिन ले. कर्नल बीएस गुसाईं ने अभिभावकों को कालेज के नियम और शैक्षणिक माहौल की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पिछले 18 वर्षों से आईएचएमएस कालेज सफलता पूर्वक संचालित हो रहा है। इस कालेज से शिक्षा लेकर निकले सैकड़ों छात्र देश और विदेश में अव्वल श्रेणी के विभिन्न संस्थानों में कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि कालेज को बेहतर शिक्षा के लिए संचालित किया जाता है, यहां पर किसी प्रकार अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह से पाबंदी है। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए कालेज में बेहतर शैक्षणिक माहौल बनाने में सहयोग करने की अपील की। कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष विजयश्री खुगशाल ने अभिभावकों को संस्थान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कालेज में होने वाली शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल की गतिविधियों की जानकारी दी। मैनेजमेंट के विभागाध्यक्ष डॉ. अश्वनी शर्मा ने परीक्षा के बारे में महाविद्यालय के नियमों और कालेज में होने वाली परीक्षाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर कालेज के डायरेक्टर एकेडमिक डॉ. सुनील कुमार, जनसंपर्क अधिकारी नरेश थपलियाल, एडमिशन इंचार्ज विजय पंत, मोनिका वेदवाल समेत सभी प्राध्यापक और कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सोनिया कुमारी ने किया।



नए बच्चों का स्वागत करते आईएचएमएस के विद्यार्थी

# प्रमाण पत्र नहीं बनने पर जताया रोष



उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देते भाजपा भाबर मंडल मीडिया प्रभारी विवेक भारती व अन्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पिछले लंबे समय से अनुसूचित जाति-जनजाति के प्रमाण पत्र, मूल निवास, स्थाई निवास, आय प्रमाण पत्र व दिव्यांग प्रमाण पत्र नहीं बनने पर भाजपा भाबर मंडल ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि प्रशासन को जल्द ही कैंप लगातार प्रमाण पत्र बनाने का कार्य प्रारंभ करना चाहिए।

इस संबंध में शनिवार को भाजपा भाबर मंडल मीडिया प्रभारी विवेक भारती, अभिषेक कुमार व प्रदीप कुमार ने उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी को ज्ञापन दिया। बताया कि कोटद्वार में पिछले लंबे समय से अनुसूचित जाति जनजाति के प्रमाण पत्र, मूल निवास, स्थाई निवास, आय प्रमाण पत्र व दिव्यांग प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे हैं। जिससे, व्यक्तियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि विद्यार्थियों को सरकारी नौकरी के फार्म भरने सहित अन्य कार्यों के लिए दस्तावेजों की आवश्यकता पड़ रही है। लेकिन, प्रमाण पत्र नहीं होने से उनके कार्य अधर में लटक रहे हैं। ज्ञापन में घमंडपुर, झंडीचौड क्षेत्र में प्रमाण पत्र बनवाने के लिए विशेष शिविर लगवाने की मांग की गई है।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी युवक को भेजा जेल

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** विकासखंड बीरोंखाल के एक गांव की नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया। जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष थलीसैंण सुनील पंवार ने बताया कि लड़की की मां ने पुलिस तहरीर में बताया कि शुक्रवार सुबह जब नाबालिग बेटी के पेट में दर्ज होने लगा तो परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान डाक्टरों ने जांच कर बताया कि लड़की दो माह की गर्भवती है। परिजनों ने लड़की से पूछताछ की तो उसने बताया कि पड़ोस में रहने वाला 21 साल का आरोपी युवक कई माह से उसके साथ दुष्कर्म कर रहा था। साथ ही परिजनों को बताने पर जान से मारने की धमकी भी देता था। थानाध्यक्ष थलीसैंण सुनील पंवार ने बताया कि शनिवार सुबह पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी युवक को पोक्सो ऐक्ट में गिरफ्तार कर पौड़ी न्यायालय में पेश किया।

# दशम सिंह नेगी बने राजकीय महाविद्यालय कोटद्वार के प्राचार्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : डा. दशम सिंह नेगी ने राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार के प्राचार्य का पद भार ग्रहण कर लिया है। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय में शैक्षणिक व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की बात कही।

शनिवार को महाविद्यालय में शिक्षकों ने नवनियुक्त प्राचार्य डा. दशम सिंह नेगी को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। नवनियुक्त प्राचार्य ने कहा कि जीवन में सबसे महत्वपूर्ण अनुशासन ही होता है।

इसलिए अनुशासन बनाना उनकी प्रथम प्राथमिकता है। उन्होंने कालेज के महौल को भी पूर्ण रूप से नशामुक्त बनाने पर जोर किया। कहा कि नशे के खिलाफ विशेष अभियान भी चलाया जाएगा। स्वच्छता को लेकर विद्यार्थियों को जागरूक रहना होगा।

इस दौरान प्रो. पीएन यादव, प्रो. आदेश कुमार, प्रो. प्रीती रानी, डा. अभिषेक गोयल, डा. जूनिश कुमार, डा. किशोर चौहान, सोमेश ढौंडियाल, डा. भागवत रावत, डा. चंद्र प्रभा कंडवाल, डा. शोभा रावत, डा. डी एस चौहान, डा. संजीव कुमार, ऋचा जैन, एसके गुप्ता, चंद्र प्रभा भारती सहित अन्य स्टाफ ने पुष्प गुच्छ देकर नवनियुक्त प्राचार्य का स्वागत किया।



महाविद्यालय में नवनियुक्त प्राचार्य डा.दशम सिंह नेगी का स्वागत करते शिक्षक

# जल्द जारी होगा पीजी प्रवेश परीक्षा का परिणाम

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि की स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए आयोजित की गई प्रवेश परीक्षा का परिणाम एक सप्ताह के भीतर घोषित कर दिया जायेगा। 8 जुलाई से शुरू हुई पीजी प्रवेश परीक्षाएं हरिद्वार, देहरादून, रूडकी, टिहरी, पौड़ी और श्रीनगर के परीक्षा केंद्रों में चार पालियों में संपन्न हुई। 8 जुलाई से 13 जुलाई तक 58 विषयों के लिए आयोजित की गई स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई थी। पीजी प्रवेश परीक्षा में कुल 10325 पंजीकृत छात्र-छात्राओं में 6741 छात्र-छात्राएं प्रवेश परीक्षा में सम्मलित हुए थे। जबकि 3584 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें थे। गढ़वाल विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. महावीर सिंह नेगी ने बताया कि गढ़वाल विवि का नूतन सत्र 2024-25 गुरूवार से शुरू हो गया है। परीक्षा परिणाम घोषित न होने से विवि में प्रवेश प्रक्रिया अभी अटकी हुई है, जबकि विवि ने प्रवेश को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली है। कहा कि पीजी प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित करने के लिए विवि प्रशासन जुटा हुआ है। एक हफ्ते के भीतर परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जायेगा। बताया कि एनटीए द्वारा सीयूईटी–यूजी के परीक्षा परिणाम घोषित होते ही प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी जायेगी। बताया कि परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने को लेकर एनटीए के उच्च अधिकारियों से वार्ता की जा रही है। प्रो. नेगी ने कहा कि यदि परीक्षा परिणाम में देरी होती है तो विवि मेरिट के आधार पर प्रवेश देगा।

## कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुति

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** नवांकुर नाट्य समूह के तत्वावधान में एक्स्ट्रा एन ऑर्गनाइजेशन और कम्युनिटी थियेटर टोंक द्वारा शनिवार को कालजयी साहित्यकार प्रेमचंद्र की जयंती सप्ताह पर प्रेक्षागृह में टैक्स फ्री नाटक मंचन के दौरान कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी। प्रेक्षागृह में आयोजित नाटक में सभी कलाकार मूकबधिर होते हैं जो किसी ना किसी बीमारी के चलते अंधे हो जाते हैं और मनोरंजन का रास्ता खोजते हुए वे सभी एक ब्लाइंड मेंस क्लब का निर्माण करते हैं। नए क्लब मेंबर को अलग-अलग तरीके से हंसी मजाक और बहुत ही रहस्यमयी बातों के साथ इस जीवन को व्यतीत कर रहे हैं। इस मौके पर ऋतिक श्रीवास्तव, हर्ष राज पाल, देवव्रत कुशवाला, मो. आबिद, हरमेंद्र सरताज, चाहत जायसवाल, अनुराग शुक्ला, आर्यन, उपासना तिवारी, शिवांश द्विवेदी आदि शामिल रहे।

# एक लोटे जल में भक्त के कष्ट दूर कर देते हैं शिव : आचार्य लखेड़ा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : आचार्य राकेश चंद्र लखेड़ा ने कहा कि भगवान शिव को मनाना सबसे आसान है। भोलेनाथ मात्र एक लोटे जल में ही अपने भक्त के समस्त कष्ट दूर कर लेते हैं। इस दौरान कथा श्रवण करने पहुंची विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने लोगों को अपने बच्चों को बेहतर संस्कार के साथ ही वेद व पुराणों का ज्ञान देने को भी कहा।

एमकेवीएन स्कूल परिसर में स्थित शिव-राम मंदिर में शिव महापुराण का वाचन करते हुए आचार्य राकेश चंद्र लखेड़ा ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि भगवान शिव को भोलेनाथ कहा जाता है। वह इतने भोले हैं कि मात्र एक लोटा जल चढ़ाने पर ही प्रसन्न हो जाते हैं। देवाधिदेव महादेव ही एक ऐसे भगवान हैं, जिनकी भक्ति के बिना मोक्ष संभव नहीं है। कहा कि शिवलिंग में जल अर्पित करने व बेलपत्र चढ़ाने मात्र से भगवान शिव प्रसन्न हो जाते हैं। इसके लिए किसी विशेष पूजन की आवश्यकता नहीं है। श्रावण मास में शिव महापुराण कथा का श्रवण करने से सबसे अधिक पुण्य प्राप्त होता है। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने कहा कि हमारे वेद व पुराणों में जीवन का सार छिपा हुआ है। भले ही मानव के जीवन में कितनी भी समस्याएं हो। लेकिन, वेद व पुराणों में इन सभी समस्याओं से बाहर निकलने का एक बेहतर मार्ग है। कथा के दौरान एमकेवीएन स्कूल के विद्यार्थियों ने शिव-पार्वती की मनमोहक झांकी भी निकाली। समाज सेवी प्रकाश चंद्र कोठारी ने कहा कि जन कल्याण की भावना से श्रावण मास में शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। इस मौके पर संधु कोठारी, मयंक कोठारी, विपिन जदली, पुष्पा देवी, विता देवी, राजू बलूनी आदि मौजूद रहे।



एमकेवीएन परिसर उदयरामपुर में आयोजित कथा के दौरान अपने विचार वक्त करती विस अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण

# अफसर अलर्ट मोड पर रहने के साथ-साथ मेन पावर व उपकरण को रखें दुरूस्त : रूहेला

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : उपाध्यक्ष राज्य आपदा प्रबंधन (स0स0) विनय रूहेला ने आपदा से राहत एवं बचाव कार्यों को लेकर जिला कार्यालय सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने चालू मानसून सीजन के दौरान किसी भी आपदा से निपटने के लिए उन्होंने अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने के साथ-साथ अपने विभागीय संसाधनों यथा मेन पावर व उपकरणों को दुरुस्त रखने को कहा हैं। उन्होने मानसून के दौरान सड़कों के बंद होने की स्थिति में गर्भवती महिलाओं के सुरक्षित प्रसव को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को व्यवस्थाएं चाक–चौबंद रखने को कहा है।

उपाध्यक्ष उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन श्री रूहेला ने जिला स्तरीय अधिकारियों को कहा कि सभी जिला स्तरीय अधिकारी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर जनहित से जुड़े कार्यों व योजनाओं को उस पर अपडेट करते रहें। कहा कि इस प्रक्रिया के माध्यम से एक ओर जहां आम जनमानस व सरकारी मशीनरी के बीच सामंजस्य स्थापित करने में मदद मिलेगी वहीं लोगों की शिकायतों को टेकअप करने व उनके निस्तारण में मदद मिलेगी। जनपद क्षेत्रांतर्गत विद्युत विभाग की झूलती तारों व झुके हुए खम्बों को लेकर उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को कहा कि बरसात में नमी के कारण करंट लगने की सम्भावनाएं बढ़ जाती है, जिस कारण विद्युत विभाग को अपने यांत्रिक सेटअप की लगातार जांच परख करते रहने की आवश्यकता है। उन्होंने जनपद के नगर निकायों के क्षेत्रांतर्गत बंद नालियों को खुलवानें, नगर के आंतरिक मोटर मार्गों को गढ्ढा मुक्त करने के साथ-साथ नगरों को स्वच्छ बनाये रखने की बात कही। उन्होंने पूर्ति विभाग को गोदामों खाद्यय सामग्री का पर्याप्त स्टॉक रखने, पशुपालन विभाग को बरसात के मौसम में पनपने वाली बीमारियों से पशुओं की सुरक्षा हेतु गांवों का भ्रमण कर टीकाकरण की कार्यवाही करने, जल संस्थान को निर्बाध पेयजल आपूर्ति कराते रहना, दूरसंचार विभाग को संचार सेवा क्षेत्र के विस्तार किये जाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये हैं।

# हिमालयी राज्यों के लिए विशिष्ट नीतियां बनाई जाएं : धामी

**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित नीति आयोग की बैठक में प्रतिभाग करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के लक्ष्य को पूर्ण करने की दिशा में उत्तराखण्ड भी निरंतर कार्य कर रहा है। उत्तराखण्ड आपदा की दृष्टि से अति संवेदनशील राज्य है, इस बार के केन्द्रीय बजट में इसको दृष्टिगत रखते हुए विशेष वित्तीय प्राविधान किये जाने पर उन्होंने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के कई शहरों में पेयजल का गंभीर संकट दिखाई दिया है, इस समस्या के समाधान के लिए भू जल स्तर बढ़ाने के साथ-साथ जल संरक्षण पर विशेष कार्य करने की आवश्यकता है। उत्तराखण्ड में इसके लिए स्प्रिंग एंड रिवर रिज्यूविनेशन ऑथोरिटी का गठन किया है, जो जल संरक्षण और जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने और हिम आधारित नदियों को वर्षा आधारित नदियों से जोड़े जाने की परियोजना पर कार्य कर रही है। उन्होंने इसके लिए केन्द्र सरकार से विशेष वित्तीय सहायता एवं तकनीकि सहयोग का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमिता को और अधिक बढ़ावा देने की आवश्यकता है, जिसके लिए कलस्टर आधारित इंक्यूबेशन सेंटर तथा ग्रोथ सेंटर महत्वपूर्ण साबित होंगे। उत्तराखण्ड में पायलट प्रोजक्ट के रूप में दो रूरल इंक्यूबेशन सेंटर तथा 110 ग्रोथ सेंटर स्थापित किये गये हैं।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई–टेंडर निम्न टेंडर संख्या के अंतर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| Tender No. Date | 55-DRM-MB-24-25 Date: 26.07.2024 | 90-DRM-MB-24-25 Date: 26.07.2024 |
|---|---|---|
| Name of work | Midterm rehabilitation of MLB interlocked LC gates with ELB in RAC-LKO, MB-CH-ALJN, CH-BE, GJL-MZM, KRJ-MTC & LRJ-HW-DDN-RKSH sections of MB Division. | Provision of B-wall in Railway colonies MB to prevent encroachment after dismantling of staff qtrs under ADEN/ HQ/MB. |
| Tender Closing Date/ Time | 22.08.2024 | 22.08.2024 |
| Advertised Value(₹) | ₹46,97,276.39 | ₹59,57,066.02 |
| Earnest Money(₹) | ₹94,000/- | ₹1,19,200/- |
| Tender Cost(₹) | 00.00 | 00.00 |
| Bidding Start Date | 08.08.2024 | 08.08.2024 |
| Period of Completion | 06 Months | 06 Months |

सं.: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 26.07.2024 2304/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## एक नजर

### पुण्य तिथि पर स्व कलाम को किया याद

नई टिहरी। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चे के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पूर्व राष्ट्रपति डा एपीजे अब्दुलकलाम की पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। पूर्व राष्ट्रपति की पुण्य तिथि पर पौधरोपण भी किया।इस मौके पर अल्प संख्यक मोर्चे के जिलाध्यक्ष तौफीक अहमद ने कहा कि डॉ. कलाम देश के लिए एक मिसाल रहे। उन्होंने देश सेवा के लिए हर वह कदम उठाया जो जरूरी था। महान वैज्ञानिक होते हुए भी उन्होंने देश की सेवा के लिए काम किया। इस मौके पर मोर्चे के जिला महामंत्री असगर अली, रईस अल्वी, अब्दुल अतीक, असद अली, रोशन बेग, मुख्तार बेग, नसीम अहमद, साजिद रहमान, जीशान खान आदि मौजूद रहे।

### 10 दिवसीय प्रशिक्षण 29 जुलाई से

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा विकास खंड जखोली की ग्राम पंचायत जवाडी में 10 दिवसीय होममेड अगरबत्ती बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक केएस रावत ने बताया कि 29 जुलाई से 07 अगस्त, 2024 तक विकासखंड जखोली की ग्राम पंचायत जवाडी में एनआरएलएम द्वारा गठित समूहों के लिए 10 दिवसीय होममेड अगरबत्ती बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से उक्त आयोजित प्रशिक्षण में प्रतिभाग करते हुए प्रशिक्षणार्थियों का मार्गदर्शन करने की अपील की है।

### लिंक रोड पर डामर नहीं होने से लोग परेशान

चमोली : सिमली रोड से सुभाषगर जाने वाले लिंक रोड पर डामर नहीं होने से लोग परेशान हैं। पुष्कर रावत, ओमप्रकाश आगरी, देवराज रावत और गिरीश डिमरी ने नगर पालिका के अधिशाषी अभियंता और एसडीएम को ज्ञापन देकर कहा कि सुभाषनगर में नमामि गंगे परियोजना के पास से करीब 150 मीटर लिंक मार्ग पर बरसात का पानी व कीचड़ जमा हो रखा है। ऐसे में वाहन चालकों को दिक्कत हो रही। स्कूली बच्चों व मोहल्ले के लोंगों पर पैदल चलने के दौरान कीचड़ के छींटे पड़ रहे हैं। इसलिए जल्द रास्ता ठीक किया जाय। (एजेंसी)

### राइफलमैन मनोज राणा को पुण्यतिथि पर किया याद

देहरादून। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को राजपुर निवासी राइफलमैन अमर शहीद मनोज राणा की 11वीं पुण्यतिथि पर उन्हें भावपूर्ण स्मरण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मंत्री गणेश जोशी ने कहा बलिदानियों की कोई जाति या धर्म नहीं होता, बलिदानियों का सम्मान उनकी यादों को संजोए रखना हर देशवासी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा में तैनात हर पांचवां सैनिक उत्तराखंड से होता है, देश को जब-जब जरूरत पड़ी उत्तराखंड के वीरों ने अपना सवोच्च बलिदान दिया है। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में सेना के आधुनिकीकरण को भी नया आयाम दिया जा रहा है और रक्षा क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अभूतपूर्व काम किया जा रहा है। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सैनिकों के सम्मान और उनके आश्रितों के लिए अनेक योजनाएं संचालित की गई है। उन्होंने कहा कि सैनिकों के सम्मान में देहरादून के गुनियाल गांव में भव्य सैन्य धाम का निर्माण किया जा रहा है। जो अक्टूबर माह में प्रदेश की जनता को समर्पित किया जायेगा। इस मौके पर शहीद की माता उषा राणा, बहिन पिंकी राणा, पदम थापा, प्रभा शाह, भूपेंद्र कठैत आदि मौजूद रहे।

### जन समुदायों की भागीदारी से बचेंगे जंगल

देहरादून। जंगलों में लगने वाली आग से बचाव के लिए जन समुदायों की भागीदारी सबसे अहम है। इसके लिए विशेष प्रयास करने होंगे। ये बात शनिवार को दून पुस्तकालय और शोध केंद्र में वनाग्नि की समस्या पर आयोजित राउंड टेबल डायलॉग में पूर्व पीसीसीएफ राजीव भर्तरी ने कही।इस दौरान केंद्र के अध्यक्ष प्रो. बीके जोशी ने अग्निशमन के लिए समाधान खोजने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रसिद्ध पारिस्थितिकीविद् और सिडार के संस्थापक अध्यक्ष प्रो.एसपी सिंह ने जंगल की आग के बाद के प्रभावों पर व्यापक अनुसंधान की आवश्यकता पर बल दिया।

## स्थानांतरण होने पर शिक्षकों को दी विदाई



**जयन्त प्रतिनिधि।**

थलीसैंण : शनिवार को राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कैन्यूर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। रापूमावि कैन्यूर के दो शिक्षक एवं राजकीय आर्दश प्राथमिक विद्यालय कैन्यूर के सहायक अध्यापक के स्थानान्तरण होने पर उन्हें विदाई दी गई। रापूमावि कैन्यूर के शिक्षक रमेश चंद्र बडोला, श्रीमती गीता कैंथोला चौहान, राजकीय आर्दश प्राथमिक विद्यालय कैन्यूर के सहायक अध्यापक रविन्द्र कुमार कसाना को स्थानांतरण होने पर विद्यालय परिवार की ओर से विदाई दी गई। कार्यक्रम का संचालन करते हुए धीरेन्द्र सिंह असवाल प्रधानाध्यापक ने सभी शिक्षकों को अपने नवीन स्थानों पर पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं बच्चों के प्रति समर्पित भाव से काम करने को कहा। विद्यालय के अध्यक्ष मनवर सिंह, बहादुर सिंह ने उक्त अध्यापकों की सराहना की। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक विजय सिंह साहु, दलीप सिंह, सुनील आदि मौजूद थे।

### महिला कांग्रेस 29 को जंतर मंतर पर करेगी प्रदर्शन

नई टिहरी : महिलाओं के खिलाफ देशभर में बढ़ते अत्याचारों और शोषण के विरोध में महिला कांग्रेस 29 जुलाई को दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करेंगी। जिसमें टिहरी से भी बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता भाग लेंगी। शनिवार को पत्रकार वार्ता करते हुए महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष आशा रावत ने बताया कि महिलाओं पर बढ़ते अत्याचारों के विरोध में संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के नेतृत्व में 29 जुलाई राष्ट्रीय व्यापी आंदोलन किया जाएगा। संगठन की सरकार से तीन प्रमुख मांगे हैं।

जिसमें महिला आरक्षण को तुरंत लागू करने, नारी सशक्तीकरण के लिए महालक्ष्मी योजना के अनुसार गरीब परिवार की एक महिला को 1 लाख रूपये प्रत्येक वर्ष आर्थिक सहायता उनके बैंक खातों में जमा करने और महिलाओं को सामाजिक न्याय और सुरक्षा का अधिकार दिया जाए।

## ट्राइल के अंतिम दिन 51 बालक व 34 बालिकाओं ने किया प्रतिभाग



चमोली : मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन छात्रवृति योजना के तहत खेल मैदान गोपेश्वर में आयोजित ट्राइल के अंतिम दिन 08 से 14 वर्ष के 51 बालक व 34 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें प्रतिभागियों की 600 मीटर दौड, 30 मीटर फ्लांइग स्टार्ट, 6 इनटू 10 शटल रन, मडिसिन बॉल थ्रो, फारवर्ड बैण्ड रीच और स्टैडिंग ब्राड जम्प में शारीरिक दक्षता परीक्षण आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी छात्रवृति योजना में चयनित छात्र को प्रतिमाह 1500 की धनराशि दी जाती है। चयन प्रक्रिया में समिति के अध्यक्ष गिरीश कुमार, जयबीर रावत, राजपाल सिंह, उत्तम सिंह, देवेन्द्र सिंह, ताजबर सिंह सहित विभिन्न विद्यालयों, शिक्षण संस्थाओं के शारीरिक प्रशिक्षक मौजूद रहे। (एजेंसी)

## बोट संचालन की निविदा शर्त में बदलाव की मांग

नई टिहरी : टिहरी झील में बोटिंग व्यवसाय कर रहे स्थानीय युवाओं ने प्रभावित क्षेत्र के लिए पुनर्वास विभाग की ओर से संचालित किए जाने वाली फेरी बोट संचालन की निविदा में उन्हें भी शामिल करने की मांग की है।

कहा कि पुनर्वास विभाग ने निविदा में शर्त रखी है कि वही व्यक्ति निविदा डाल सकता है, जिसके पास पुनर्वास विभाग में बोट चलाने का तीन साल का अनुभव हो।

शनिवार को टिहरी झील में बोट संचालक लखवीर चौहान, मनीष रावत, आशीष रावत, प्रवीन रावत, जयपाल रावत, शीशपाल कठैत, कमल अरोड़ा, राजवीर सजवाण ने आरोप लगाया कि एक ही झील में दो तरह के नियम क्रियान्वित किए जा रहे हैं। कहा कि एक ओर सरकार स्थानीय लोगों को झील में रोजगार देने की बात कर रह रही है। वहीं 22 जुलाई को बांध प्रभावित क्षेत्रों के लोगों की सुविधा के लिए फेरी बोट संचालन की निविदा में तीन साल पुनर्वास विभाग में बोटिंग करने का अनुभव मांगा गया है।

बताया कि वह लोग भी टाडा (टिहरी विशेष क्षेत्र पर्यटन विकास प्राधिकरण) विभाग के अधीन बोटिंग कार्य करते आ रहे हैं। पूर्व में हुए फेरी बोट संचालन में उन्हें प्रतिभाग करने का मौका दिया गया था। लेकिन इस बार उन्हें बाहर करने के लिए ऐसा किया जा रहा है। उन्होंने डीएम से मामले में हस्तक्षेप कर सभी बोट संचालन को इसमें शामिल करने की मांग की है। ऐसा न करने पर वह उग्र आंदोलन शुरू करेंगे।

### स्वास्थ्य शिविर में 250 स्वच्छता कर्मियों का स्वास्थ्य जांचा

देहरादून। नगर पालिका परिषद मसूरी और हिलदारी ने उप जिला चिकित्सालय के संयुक्त प्रयास से दो दिवसीय पर्यावरण मित्र स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इसमें कीन के मोहल्ला समिति वर्कर, आरएमएफ कर्मचारी, नगर पालिका के संविदा तथा मसूरी में शहर को साफ रखने वाले पर्यावरण मित्र एवं कचरा चुनने वालों को स्वास्थ्य जांचा।

नगर पालिका एवं हिलदारी ने स्वच्छता कर्मियों के स्वास्थ्य व उनके जीवन के सुधार करने के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। जिसमें उनका ब्लूड ग्रुप, टेंपरेचर पल्स, वेट, हाइट, बीपी, सुगर, स्किन, आखों, दांत, हाइपीटेटिस्ट, एचआईवी, ओरल, हाइजीन, न्यूट्रीशन एडवांस इत्यादि की निशुल्क जांच की गई। स्वास्थ्य सिविर को सफल बनाने में उप जिला चिकित्सालय से सीएमएस डॉक्टर यतेन्द्र सिंह, वरिष्ट चिकित्सक डॉक्टर प्रदीप राणा के नेतृत्व में चिकित्सकों का पैनल बनाया गया व स्वच्छता कर्मियों की जांच की गई। जिसमें डा, एस के नेगी, डा. सुशील सैनी, डा. बीना सिंह डा. मीता श्रीवास्तव सामिल रहे।

## सोनप्रयाग शटल सेवा वाहन चालक विश्राम गृह भी खतरे की जद में

**जयन्त प्रतिनिधि।**



रूद्रप्रयाग : जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि केदारनाथ यात्रा मार्ग में गत रात्रि हुई भारी बारिश के कारण सोनप्रयाग निकट शटल सेवा पुल के पास सोन नदी के तेज बहाव के कारण सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है जो वाहनों की आवाजाही हेतु यात्रा मार्ग अवरुद्ध हो गया है तथा सोनप्रयाग शटल सेवा वाहन चालक विश्राम गृह भी खतरे की जद में आ गया है।

उन्होंने कहा कि केदारनाथ यात्रा मार्ग में यात्रियों की सुरक्षा के लिए संवेदनशील स्थानों एवं जिन स्थानों पर भू-स्खलन हो रहा है उन स्थानों पर जिला प्रशासन, एनएच, पुलिस, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ के कार्मिक तैनात हैं। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी सौरभ गहरवार के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा एवं अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग निर्भय सिंह केदारनाथ यात्रा मार्ग में मौजूद हैं तथा जिन स्थानों पर यात्रा मार्ग अवरुद्ध हो रहा है उस स्थान को जेसीबी के माध्यम से मलबा को हटाया जा रहा है तथा सड़क मार्ग को यातायात हेतु सुचारू किया जा रहा है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी ने केदारनाथ धाम में दर्शन करने जा रहे तीर्थ यात्रियों से अपील की है कि मौसम विभाग के जारी अलर्ट को देखते हुए भारी बारिश में कोई भी यात्री यात्रा न करें तथा सुरक्षित स्थानों पर ही ठहरने की अपील की है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी ने यह भी अवगत कराया है कि अलकनंदा एवं मंदाकिनी नदी का जल स्तर निरंतर बढ़ रहा है। उन्होंने नदी किनारे रह रहे लोगों से सतर्क रहने एवं सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की है।

### मोदी के तीसरे कार्यकाल में ऐतिहासिक विकास कार्य होंगेः नित्यानंद

ऋषिकेश। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि देश में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीसरा कार्यकाल अद्भुत और अकल्पनीय विकास कार्यों से भरा होगा। यह बातें उन्होंने शनिवार को जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचने के बाद कही।

यहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट कर किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड देवतुल्य भूमि के मतदाताओं और कार्यकर्ताओं के बल पर उत्तराखंड की पांचों सीटों पर भाजपा ने अपना परचम लहराया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीसरा कार्यकाल भारत को विकसित देश की श्रेणी की ओर ले जाएगा, जो काम अधूरे रह गए हैं, उस काम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में पूरे करेंगे।

## मिनिस्ट्रीयल कर्मियों का शासन के खिलाफ प्रदर्शन

ऋषिकेश। बीते माह रुद्रप्रयाग में हुई बस दुर्घटना के मामले में कर्मचारियों को निलंबित किए जाने से नाराज मिनिस्टीरियल कर्मचारियों का गुस्सा शनिवार को शासन के खिलाफ फूट पड़ा। एआरटीओ कार्यालय में दो घंटे कार्य बहिष्कार करने के बाद कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए उन्होंने निलंबित कर्मचारियों को जल्द बहाल करने की मांग की। एआरटीओ में कार्यरत मिनिस्टीरियल कर्मचारी दीपक पांडेय ने कहा कि बीते 15 जून को रुद्रप्रयाग में एक बस दुर्घटना हुई थी, जिसमें शासन ने बिना सोचे-समझे और बिना जांच किए ही चार मिनिस्टीरियल कर्मचारियों को निलंबित कर दिया, जिससे सभी मिनिस्टीरियल कर्मियों में रोष व्याप्त है।



इस मामले को लेकर बीते कुछ समय से सांकेतिक प्रदर्शन चल रहा था। इसी के तहत शनिवार को दो घंटे कार्य बहिष्कार किया गया। प्रदर्शन करने वालों में हरीश भद्री, सुरेश कोटनाला, पवन भट्ट, अनुप लिंगवाल, कमल प्रसाद गौड, शेखर सैनी, बरखा, सोनू राणा, मनीषा, रामगोपाल आदि उपस्थित रहे।

### पेंशनरों को आधार सीडिंग कराना अनिवार्य

**जयन्त प्रतिनिधि।** रूद्रप्रयाग : समाज कल्याण विभाग द्वारा दी जाने वाली पेंशन (वृद्धावस्था, दिव्यांग, विधवा तथा किसान पेंशन) का लाभ ले रहे समस्त पेंशनरों को उनके खाते में आधार सीडिंग करना अनिवार्य है, ताकि पेंशन का भुगतान सरलता एवं पारदर्शिता के साथ किया जा सकें।

जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनीता अरोड़ा ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे पेंशनर जिनको नॉन सीबीएस खातों के माध्यम से पेशन का भुगतान हो रहा है, उन्होंने ऐसे पेशनरों से सीबीएस खाता कार्यालय को उपलब्ध कराने की अपील की है। साथ ही जिन लाभार्थियों के आधार नम्बर व मोबाइल नम्बर अप्राप्त है वह जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में यथाशीघ्र उपलब्ध कराने को कहा है ताकि सम्बंधित को पारदर्शिता के साथ पेंशन उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जा सके।

## मेडिकल कॉलेज न बनाए जाने से आक्रोशित कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

चमोली : महिला बेस अस्पताल सिमली को मेडिकल कॉलेज नहीं बनाए जाने से नाराज नगर और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कर्णप्रयाग के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को तहसील में प्रदर्शन किया। गुस्साए कार्यकर्ताओं ने कहा कि सिमली में पूर्व विधायक डा. अनसुया प्रसाद मैखुरी के प्रयासों से महिला बेस अस्पताल खुला, लेकिन विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं भेजे गए। जिससे लोगों को उचित इलाज नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने वहां मेडिकल कॉलेज बनाने की मांग उठाई है। मौके से कांग्रेसियों ने राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। तहसील में पहुंचे गुस्साए कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने कहा कि सिमली में महिला बेस अस्पताल का विशाल कैंपस मौजूद है। वहां पर मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए पर्याप्त भूमि भी है। सिमली और कर्णप्रयाग जनपद रुद्रप्रयाग, अल्मोड़ा और बागेश्वर का भी केंद्र बिंदु है। यहां मेडिकल कॉलेज खुलने से क्षेत्र के युवाओं को फायदा मिलेगा। कहा जनपद चमोली पर्यटन एवं तीर्थाटन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण जिला है। प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में पर्यटक यहां आते हैं। साथ ही चमोली जिले की बदहाल स्वास्थ्य स्थिति किसी से छुपी हुई नहीं है। कांग्रेसियों ने कहा कि अगर सिमली में मेडिकल कॉलेज नहीं खोला गया तो आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मुकेश नेगी, व्यापार संघ अध्यक्ष बीरेंद्र मिंगवाल, अंशी देवी, ईश्वरी मैखुरी, गौतम मिंगवाल, रामदयाल, राजेश नेगी, पुष्कर रावत, देवराज रावत, जगदीश सती, राकेश कोटियाल, अजय किशोर भंडारी, पंकज व आशीष आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## लोगों को हेपेटाइटिस के लक्षण और बचाव को किया जागरुक

ऋषिकेश। एम्स ऋषिकेश में विश्व हेपेटाइटिस दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को प्रिवेंटिव हेपेटोलॉजी, सीएफएम विभाग के तत्वावधान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। विभिन्न क्षेत्रों में अर्बन प्राइमरी हेल्थ सेंटर (यूपीएचसी) और रूरल प्राइमरी हेल्थ सेंटर में हेल्थ टॉक के साथ लोगों की हेपेटाइटिस बी एवं सी की जांच की गई। जनजागरुकता कार्यक्रमों में मरीजों के साथ साथ तीमारदारों एवं हेल्थ वर्कर्स ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान लोगों को आंखों में पीलापन, थकान और खुजली होने पर सजग होकर इलाज कराने की सलाह भी दी गई।

शनिवार को एम्स निदेशक प्रोफेसर मीनू सिंह के मार्गदर्शन में यूपीएचसी चंद्रेश्वरनगर एवं शांतिनगर तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रायवाला में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें लोगों को वायरल हेपेटाइटिस के प्रकार बताए गए। सीएफएम विभागाध्यक्ष प्रो.वर्तिका सक्सेना ने बताया कि हेपेटाइटिस ए और ई का संक्रमण ज्यादातर मामलों में स्वयं ही कुछ हफ्तों में ठीक हो जाता है। इसके बचाव के लिए स्वच्छ भोजन एवं पानी का सेवन करना चाहिए, हाथों को साफ रखना चाहिए एवं स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए।

### यशवंत बने एबीवीपी के महानगर महामंत्री, डा. रैथाण दोबारा अध्यक्ष

देहरादून। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शनिवार को एसजीआरआर पीजी कालेज में आयोजित कार्यक्रम में महानगर इकाई की घोषणा की। जिसमें डा. जेवीएस रैथाण को दोबारा अध्यक्ष चुना गया। जबकि प्रांत मीडिया संयोजक व डीएवी के छात्र नेता यशवंत पंवार को महानगर महामंत्री चुना गया। चुनाव अधिकारी रमाकांत श्रीवास्तव ने कार्यकारिणी की घोषणा की। संगठन ने डा. रैथाण को दोबारा अध्यक्ष की जिम्मेदारी के साथ यशवंत पंवार को दोहरी जिम्मेदारी दी है। यशवंत पंवार पिछले साल डीएवी में छात्रसंघ अध्यक्ष का चुनाव भी लड़ चुके हैं। ऐसे में छात्रों की समस्याओं को लेकर उनकी सक्रियता के चलते ही उन्हें दोहरी जिम्मेदारी दी गई है। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष डा. ममता सिंह, प्रांत संगठन मंत्री अंकित सुंदरियाल, प्रदेश मंत्री ऋषभ रावत,विभाग प्रमुख डॉ कौशल कुमार, विभाग संगठन मंत्री नागेंद्र बिष्ट,सोशल मीडिया संयोजक हनी सिसोदिया और पूर्व महानगर मंत्री उज्ज्वल सेमवाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

## मेडिकल कॉलेज में मनाया हैपेटाइटिस दिवस

देहरादून। विश्व हैपेटाइटिस दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को दून मेडिकल कॉलेज में इट्स टाइम ऑफ एक्शन थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। हैपेटाइटिस क्लीनिक, आदर्श उपचार केन्द्र ने कम्युनिटी मेडिसिन एवं माइक्रोबायोलॉजी विभाग के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक डॉक्टर आशुतोष सयाना, कार्यवाहक प्राचार्य डॉक्टर संजय गौड़ और एमएस डॉक्टर अनुराग अग्रवाल ने शुभारंभ किया। नोडल अधिकारी आदर्श उपचार केंद्र एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अंकुर पाण्डेय ने हैपेटाईटिस के लक्षण, उपचार के बारे ने विस्तार से जानकारी दी। एमबीबीएस छात्र-छात्राओं द्वारा क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया एवं डॉ दीक्षा सिंह, डॉ राहुल नाथ, डॉ फरहत रफीक के द्वारा नवीनतम गाइडलाइन के हैपेटाइटिस उपचार, रोकथाम, जांच एवं जागरूकता के अपने वक्तव्य में संक्षिप्त विवरण दिया गया। इस दौरान गायनी एचओडी डॉ चित्रा जोशी, एचओडी मेडिसिन डॉक्टर के सी पंत, एचओडी कम्यूनिटी मेडिसिन डॉ अनुपमा आर्या, डीटीओ डॉ मनोज वर्मा, एचओडी आर्थो डॉ अनिल जोशी, फिजियोलोजी एचओडी डॉक्टर ए एन सिन्हा, एचओडी पैथोलॉजी डॉक्टर शशि उप्रेती, एचओडी ई एन टी डॉक्टर भावना पंत, डॉ अंकिता, डॉ मोहित आदि शामिल रहे।



## नम आंखों से शहीद इंस्पेक्टर को दी अंतिम विदाई

ऋषिकेश। भारत-चीन सीमा पर विशिष्ट पेट्रोलिंग के दौरान आईटीबीपी के शहीद इंस्पेक्टर चन्द्र मोहन सिंह नेगी का पार्थिव शरीर शनिवार को डोईवाला पहुंचा। जहां अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धांजलि देने के बाद उनकी अंतिम यात्रा हरिद्वार के लिए रवाना हुई। जहां नम आंखों से शहीद इंस्पेक्टर को अंतिम विदाई दी गई। श्रद्धांजलि देने पहुंचे सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने शहीद के परिजनों को ढांढस बंधाया। कहा कि सरकार शहीद के परिजनों के साथ खड़ी है। बीती गुरुवार को डोईवाला दुर्गा चौक निवासी आईटीबीपी निरीक्षक चन्द्र मोहन सिंह नेगी एलएसी पर शॉर्ट-रेंज पेट्रोलिंग के दौरान करग्युपा नाले में गिर गए थे। जिसके बाद वे शहीद हो गए। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर है। शनिवार सुबह शहीद चंद्रमोहन सिंह नेगी का पार्थिव शरीर डोईवाला पहुंचा। पार्थिव शरीर के पहुंचने पर क्षेत्रवासियों की भीड़ उमड़ पड़ी। शहीद के परिजन पार्थिव शरीर पर लिपटकर रोने लगे। इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शहीद के घर पहुंचकर उनके परिजनों को ढांढस बंधाया। श्रद्धांजलि देने के बाद शहीद की अंतिम यात्रा हरिद्वार स्थित गंगा घाट के लिए रवाना हुई। मौके पर डोईवाला विधायक बृज भूषण गैरोला, आईजी आइटीबीपी संजय गुंज्याल, आईएएस गौरी प्रभात, उपजिलाधिकारी अर्पणा ढौंडियाल, जिलाध्यक्ष रविंद्र राणा जिला महामंत्री राजेंद्र तड़ियाल, हिमांशु चमोली, भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र नेगी,भाजपा मीडिया प्रभारी भारत गुप्ता, गौरव चौधरी, मनोज नौटियाल, राजेश भट्ट, ईश्वर रौथाण, विक्रम नेगी, राजेश डोभाल, पुरुषोत्तम डोभाल, नीलम नेगी, आनंद राणा, अवतार सिंह, सुनीता सैनी आदि मौजूद रहे।




पौड़ी के रहनेवाले थे शहीद इंस्पेक्टर

शहीद निरीक्षक चन्द्र मोहन सिंह नेगी (55) मूलरूप से पौड़ी के रहने वाले थे। करीब बीस साल से उनका परिवार देहरादून के डोईवाला तहसील के जौलीग्रांट स्थित दुर्गा चौक में रह रहा है।

## प्रकृति का उपहार हैं हरे-भरे वृक्षः सुबोध

ऋषिकेश। वन विभाग की ओर से हरेला पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसके तहत शनिवार को वन विभाग ने विभिन्न जगहों पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें जनप्रतिनिधियों ने पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। शनिवार को लच्छीवाला नेचर पार्क में वन विभाग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें वन मंत्री सुबोध उनियाल और डोईवाला विधायक बृजभूषण गैरोला संग वन कर्मियों ने औषधीय पौधों का रोपण किया। कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि मां के नाम पर समाज और हमारी भावी पीढ़ी को प्रकृति का उपहार देने की यह पहल देश में जन आंदोलन का स्वरूप ले रही है। विधायक बृजभूषण गैरोला कहा कि प्रकृति ने हमें बहुत कुछ दिया है और हमें भी प्रकृति को देने की आवश्यकता है। मौके पर वन क्षेत्राधिकारी घनानंद उनियाल, संगठन सचिव दरपान बोहरा, सुंदर लोधी, जसविंदर सिंह, विक्रम नेगी, ललित पंत, प्रेम सिंह, अशोक पोरेल आदि उपस्थित रहे। उधर, हरेला के तहत रानीपोखरी के घमंडपुर में वन विभाग ने पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया। जिसके तहत विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपे गए।


**जयन्त**

संस्थापक

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

—सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79


फोन/फैक्स 01382-222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com